सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री का 1998 का पुरस्कार सुहासिनी मुले को हिन्दी फिल्म '**हू तू तू**' में बिना अपने मानवीय चेहरे को धूमिल किए जीवंत नकारात्मक भूमिका के अभिनय के लिए दिया गया है। वह दृढविश्वास के साथ अभिनय करती है और सशक्त प्रदर्शन प्रस्तुत करती है।

AWARD FOR THE BEST SUPPORTING ACTRESS

SUHASINI MULAY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the actress **SUHASINI MULAY**

Citation

The Award for the Best Supporting Actress of 1998 is given to Suhasini Mulay for the Hindi film, **HU TU TU**, for bringing alive an evil personality and yet retaining her human face. She comes into her own with a conviction-packed performance that encompasses pride and sorrow.

सुहासिनी मुले

सुहासिनी मुले अब भी बहुत से लोगों को मृणाल सेन की '**भुवन शोम**' में उत्पल दत्त की महबूबा के रूप में याद है लेकिन वास्तव में उन्होंने इस बीच काफी ज्यादा काम किया है। पिछले 20 वर्षों में उन्होंने शिक्षा, कृषि एवं पर्यटन जैसे विविध विषयों पर 60 से ज्यादा वृत्तचित्रों एवं वीडियो फिल्मों का निर्देशन किया है। वह मुंबई की एस.एन.डी.टी. वीमेन्स यूनिवर्सिटी की 1986 से 1988 तक सलाहकार तथा 1994 से 1997 के बीच ग्रामीण विकास मंत्रालय की सलाहकार रही है। वह 1981 में सर्वश्रेष्ठ सूचना फिल्म '**एन इंडियन स्टोरी**' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्माता का पुरस्कार, 1987 में सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म '**भोपाल, बियोन्ड जेनोसाइड**' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार, 1989 में सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक फिल्म '**चिट्ठी**', 1998 में सर्वश्रेष्ठ कला और संस्कृति '**द आफिशियल आर्ट फार्म**' का पुरस्कार आदि कई राष्ट्रीय पुरस्कार पा चुकी हैं। वह सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, दूरदर्शन, फिल्मस डिविजन आदि में निर्माता/निर्देशक के रूप में पैनल में हैं।

Suhasini Mulay

SUHASINI MULAY is still known to many as the woman who stole Utpal Dutt's heart in Mrinal Sen's **"Bhuvan Shome"** but she has actually much more to her credit since then. She has directed more than 60 films and videos over the past 20 years, on subjects as varied as education, agriculture and tourism. She has been a consultant to the SNDT Women's University in Mumbai between 1986 and 1988, and adviser to the Ministry of Rural Development between 1994 and 1997. She has won National Awards for producer for Best Information Film **"An Indian Story"** in 1981, for Director for Best Non-Fiction Film (Bhopal: Beyond Genocide) in 1987, Best Educational Film **"Chitthi"** in 1989, Best Art and Cultural Film **"The Official Art Form"** in 1998, and is empanelled as a producer/ director with the Films Division, Doordarshan and the Ministry of Information and Broadcasting, among others.

सर्वोत्तम बाल कलाकार पुरस्कार

बेबी श्वेता

बाल कलाकार **बेबी श्वेता** को रजत कमल तथा 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बाल कलाकार का 1998 का पुरस्कार बेबी अम्मा को तमिल फिल्म '**मल्ली**' में एक छोटे बच्चे के प्रकृति के साथ सच्चे रिश्ते और पर्यावरण के क्षय पर सदमे के अद्‌भुत और झकझोर देने वाले अभिनय के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST CHILD ARTIST

BABY SWETHA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the child artist **BABY SWETHA**

Citation

The Award for the Best Child Artiste of 1998 is given to Baby Amma for the Tamil film, **MALLI**, for her vibrant performance of a young child's pure bonding with nature and her trauma at environmental degradation.

बेबी श्वेता

10 साल की है जी. श्वेता जो चेन्नई के होली ऐंजेल्स कांवेन्ट की कक्षा चार में पढ़ती है। अभी तक 50 विज्ञापनों, 10 टेलीसीरियल और 7 फीचर फिल्मों में अभिनय कर चुकी है। उसने अभी प्रभु और मीना के साथ एक तमिल फिल्म **'मनम वीरुम बुधे उन्नानी'** पूरी की है।

Baby Swetha

ALL of 10 years old, G. Swetha is studying in Class IV of Chennai's Holy Angels' Convent. She has already acted in more than 50 advertisements, 10 tele-serials and seven feature films. She's just done a Tamil film, **"Manam Virumbudhe Unnai",** with Prabhu and Meena.

सर्वोत्तम पार्श्व गायक पुरस्कार

संजीव अभ्यंकर

पार्श्व गायक **संजीव अभ्यंकर** को रजत कमल तथा 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पार्श्व गायक का 1998 का पुरस्कार संजीव अभ्यंकर को हिन्दी फिल्म **'गॉड मदर'** में **'सुनो रे भइला'** गीत के लिए, जिसमें उन्होंने लोकगीत, भजन और लोकप्रिय संगीत का सफलतापूर्वक सम्मिश्रण करते हुए गीतों को प्रभावी रूप से सम्प्रेषित किया है।

AWARD FOR THE BEST MALE PLAYBACK SINGER

SANJEEV ABHYANKAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the male playback singer **SANJEEV ABHYANKAR**

Citation

The Award for Best Male Playback Singer of 1998 is given to Sanjeev Abhyankar for the Hindi film, **GODMOTHER**, for the song, **SUNO RE BHAILA**, in which he successfully blends folk, bhajan and popular music to communicate the lyrics effectively.

संजीव अभ्यंकर

मेवाती घराने के कुलदीप संजीव अभ्यंकर ने बहुत छोटी उम्र में संगीत में पैठ कायम कर ली थी। 1969 में जन्में अभ्यंकर ने 8 साल की उम्र में ही भारतीय शास्त्रीय संगीत सीखना शुरू कर दिया। उन्होंने शुरूआत मेंअपनी मां शोभा ताई अभ्यंकर और पिता गंगाधरबुआ पिम्पालखेर (दोनों सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ) से संगीत सीखा। सबसे पहले ग्यारह साल की उम्र में पहला कार्यक्रम पेश किया। तब से अमरीका, कनाडा, आस्ट्रेलिया और यूरोप में यात्रा करके प्रोग्राम पेश करते रहे। उन्होंने पुणे के सवाई गंधर्व संगीत समारोह, कलकत्ता के आई.टी.सी. सम्मेलन, नई दिल्ली के विष्णु गंधर्व पुरस्कार समारोह और राष्ट्रीय एकता के लिए **'स्पिरिट ऑफ यूनिटी कन्सर्टस'** में संगीत कार्यक्रम पेश किया। 1996 में उन्हें एफ.आई. फाउंडेशन राष्ट्रीय पुरस्कार मिला साथ ही **'माचिस'**, **'संशोधन'**, **'निदान'** और अब **'गॉड मदर'** में पार्श्व गायन किया।

Sanjeev Abhyankar

As a young torchbearer of the Mewati gharana, Sanjeev Abhyankar showed remarkable flair for music from an early age. Born in 1969, he started learning Indian classical music when he was eight. Initially, he learnt from his mother, Shobhatai Abhyankar, and Pandit Gangadharbua Pimpalkhare, both eminent musicologists. He gave his first public performance when he was 11 and since then he has travelled throughout the US, Canada, Australia and Europe. He has performed at Pune's Sawai Gandharva Sangeet Samaroh, Calcutta's ITC Sammelan, New Delhi's Vishnu Digambar Paluskar Samaroh and the Spirit of Unity Concerts for National Integration. He has won the FIE Foundation National Award for Excellence in 1996 and done playback singing for **"Maachis"**, **"Sansodhan"**, **"Nidaan"** and now **"Godmother"**.

सर्वोत्तम पार्श्व गायिका पुरस्कार

अलका याग्निक

पार्श्व गायिका **अलका याग्निक** को रजत कमल तथा 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पार्श्व गायिका का 1998 का पुरस्कार अलका याग्निक को हिन्दी फिल्म '**कुछ-कुछ होता है**' के लिए दिया गया है। इस विषय-आधारित गीत की प्रस्तुति में उन्होंने विभिन्न मनोभावों और संवेगों को ढाला है और फिल्म के प्रभाव में बहुत योगदान दिया है।

AWARD FOR THE BEST FEMALE PLAYBACK SINGER

ALKA YAGNIK

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the female playback singer **ALKA YAGNIK**

The Award for the Best Female Playback Singer of 1998 is given to Alka Yagnik for the Hindi film song, **KUCH KUCH HOTA HAI**. Her rendering of this theme sing brings out the different moods and emotions and adds greatly to the impact of the film.

अलका याग्निक

कलकत्ता में जन्मी अल्का याग्निक ने अपनी मां शुभा याग्निक से संगीत सीखा। **एच.एम.वी.** ने उसका पहला एलबम दस वर्ष की आयु में ज्ञान प्रकाश के गीतों पर बनाया। 1980 में उसने '**मेरी बहू अल्का**' में गाना गाकर बतौर पार्श्व गायिका अपना कैरियर शुरू किया। इसमें राजेश रोशन ने संगीत दिया था। इसके बाद कल्याण जी आनन्दी जी, लक्ष्मीकांत प्यारेलाल जैसे जाने माने संगीत निर्देशकों के साथ काम किया। लावारिस का '**मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है**' गाकर उसने अपना कैरियर आगे बढ़ाया। फिर '**तेजाब**', '**कयामत से कयामत तक**', '**साजन**', '**दीवाना**' और '**करण अर्जुन**' में गाने गाए। उसने तीन बार सर्वोत्तम महिला गायिका का फिल्म फेयर एवार्ड जीता। ये एवार्ड उसे '**तेजाब**', '**खलनायक**' और '**परदेस**' के लिए मिले उसे '**हकीकत**' के लिए स्क्रीन एवार्ड और '**हम हैं राही प्यार के**' का गाना '**घूंघट की आड़ से**' के लिए नेशनल एवार्ड मिला।

Alka Yagnik

BORN in Calcutta, Alka Yagnik learned music from her mother, Shubha Yagnik. At the age of ten, she cut her first album for **"HMV"** with a composition by Gyan Prakash Gosh. The year 1980 saw her begin her career as a playback singer in the film, **"Meri Bahu Alka".** The music was by Rajesh Roshan. She then worked with veteran music directors such as Kalyanji Anandji and Laxmikant Pyarelal. The song **"Mere Angne Mein Tumhara Kya Kaam Hai"** from **"Lawaris"** was the start of her career from where she went on to sing in films such as **"Tezaab", "Qayamat Se Qayamat Tak", "Saajan", "Deewana"** and **"Karan Arjun".** She has won the Filmfare award for the Best Female Singer thrice, for **"Tezaab", "Khalnayak"** and **"Pardes".** She also won the Screen award for **"Haqueeqat"** and the National Award for the song **"Ghunghat ki Aad Se"** from **"Hum Hain Rahee Pyaar Ke".**

सर्वोत्तम छायांकन पुरस्कार

संतोष सिवन

कैमरामैन **संतोष सिवन** को रजत कमल तथा 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार
फिल्म प्रोसेसिंग करने वाली प्रयोगशाला **जेमिनी कलर लैबोरेट्री** को रजत कमल तथा 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम छायांकन का 1998 का पुरस्कार संतोष सिवन को हिन्दी फिल्म '**दिल से**' के लिए दिया गया है। उन्होंने भव्य लैंडस्केपों और स्थापत्यों के साथ-साथ मानवीय हलचल को उसके मोहक आकर्षण के रूप में विभिन्न मनोदशाओं और रंगों में सहजता से प्रस्तुत किया है जोकि एक सिनेमाई परिपूर्णता के उच्च मापदण्ड का सूचक है।

AWARD FOR THE BEST CINEMATOGRAPHY

SANTOSH SIVAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the cameraman **SANTOSH SIVAN**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the laboratory processing the film, **GEMINI COLOUR LABORATORY**

Citation

The Award for the Best Cinematography of 1998 is given to Santosh Sivan for the Hindi film, **DIL SE**. His camera travels across spectacular landscapes and architecture and through bustling humanity with great seductive charm. Colours and moods are created and disrupted with equal ease in a film which sets a high standard of cinematic perfection.

संतोष सिवन

संतोष सिवन भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान के स्नातक हैं और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सिनेमाटोग्राफर हैं। उन्होंने बतौर सिनेमाटोग्राफर आदित्य भट्टाचार्य की '**राख**', मणिरत्नम की '**रोजा**' और '**दलपति**' और शंकर की '**काला पानी**' में काम किया है। उन्हें मलयालम की '**पेरुमतचन**', '**काला पानी**', '**मोहिनीअट्टम**' और '**तमिल**' फिल्म '**इरूवर**' में सिनेमाटोग्राफी के लिए नेशनल एवार्ड मिले हैं। उन्होंने फिल्म डिवीज़न के लिए लघु फिल्म '**स्टोरी आफ टिब्लू**' का निर्देशन किया जिसे 1988 में सर्वोत्तम लघु कथा फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। 1995 में बनी उनकी बाल फिल्म '**हैलो**' को सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म का 1996 का नेशनल एवार्ड मिला। निर्देशक के रूप में उनकी पहली फीचर फिल्म '**टेररिस्ट**' को 22वें काहिरा, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में गोल्डन पिरामिड, सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए मिला।

Santosh Sivan

SANTOSH SIVAN, a graduate of the Film and Television Institute of India, is a multiple National Award-winning cinematographer. His credits as cinematographer include Aditya Bhattacharya's **"Raakh"**, Mani Ratnam's **"Roja"** and **"Dalpathi"**, and Shankar's **"Kala Pani"**. He has won National Awards as a cinematographer for the Malayalam films **"Perumthachan"**, **"Kaalapani"**, Mohiniyattam and the Tamil film, **"Iruvar"**. He debuted as a director with a short film, **"Story of Tiblu"** for the Films Division of India, which won the National Award for Best Short Fiction Film in 1988. In 1995, his children's film, **"Halo"**, for the National Council of Children and Young People, India, also won the National Award for Best Children's Film, 1996. **"Terrorist"** is his first feature film as director and bagged the Golden Pyramid for Best Film, Best Director and Best Artiste at the 22nd Cairo International Film Festival.

सर्वोत्तम पटकथा पुरस्कार

अशोक मिश्र

पटकथा लेखक **अशोक मिश्र** को रजत कमल तथा 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पटकथा का 1998 का पुरस्कार अशोक मिश्र को हिन्दी फिल्म '**समर**' के लिए दिया गया है जिसमें उन्होंने शहरी/देहाती, अमीर/गरीब, सत्ता सम्पत्ति/निचले तबके के जटिल विरोधाभासों के उकेरने के लिए एक अद्वितीय संरचना की है। समकालीन भारतीय जीवन में शहरी अवबोधात्मक अंतदृष्टि के द्वारा हास्य और विडंबनाओं के गहरे क्षणों को सरल कथा में बुना गया है।

AWARD FOR THE BEST SCREENPLAY

ASHOK MISHRA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the screenplay writer **ASHOK MISHRA**

Citation

The Award for the Best Screenplay for 1998 in given to Ashok Mishra for the Hindi film, **SAMAR**, where he has used a unique structure to explore the complex contradictions of urban/rural, rich/poor, powerful/downtrodden, in a simple storyline laced with poignant moments of humour and irony for a perceptive insight into contemporary Indian life.

अशोक मिश्र

अशोक मिश्र ने समाज शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि तथा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से डिप्लोमा प्राप्त किया है। उन्होंने कई फिल्में और धारावाहिक लिखे हैं। उनमें सईद मिर्जा की फिल्म '**नसीम**' और वीरेन्द्र सैनी की फिल्म '**कभी पास कभी फेल**' तथा श्याम बेनेगल के '**भारत एक खोज**' और आमोल पालेकर के '**मृगनयनी**' धारावाहिक प्रमुख हैं। उन्होंने फिल्म और रंगमंच दोनों में अभिनय किया है। मसलन फिल्म '**समर**' और धारावाहिक '**रजनी**'। उनको हबीब तनवीर और एम.के. रैना जैसे नामी लोगों के साथ काम करने का मौका मिला है। नई दिल्ली के मार्डन स्कूल में ड्रामा टीचर रह चुके श्री मिश्र ने '**वेटिंग फॉर गॉडॉट**' और '**मर्चेंट ऑफ वेनिस**' समेत 40 से अधिक नाटकों का निर्देशन भी किया है।

Ashok Mishra

ASHOK MISHRA is both a post-graduate in sociology as well as a diploma from the National School of Drama. He has written several films and serials, prominent among them **"Naseem"** by Saaed Mirza and **"Kabhi Pass Kabhi Fail"** by Virendra Saini, and Shyam Benegal's **"Bharat Ek Khoj"** and Amol Palekar's **"Mrignayanani"**. He has acted in films and on stage too - in films such as **"Samar"** and serials such as **"Rajani"**, and with veterans such as Habib Tanvir and M.K. Raina. A former drama teacher at Modern School, New Delhi, Mishra has directed more than 40 plays, among them **"Waiting for Godot"** and **"Merchant of Venice"**.

सर्वश्रेष्ठ ध्वनि आलेखन पुरस्कार

एच. श्रीधर

अंतिम मिक्सड ट्रैक के पुर्न रिकार्डिंग करने वाले **एच. श्रीधर** को रजत कमल एवं 10 हजार रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 का सर्वश्रेष्ठ ध्वनि आलेखन पुरस्कार हिन्दी फिल्म **'दिल से'** के लिए एच. श्रीधर को दिया गया है। फिल्म में ट्रैक पर उन्होंने दृश्यों की तरह ध्वनि को केंद्रित किया और एक असाधारण लय की रचना की।

AWARD FOR THE BEST AUDIOGRAPHY

H. SRIDHAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the re-recordist of the final mixed track, **H. SRIDHAR**

Citation

The Award for the Best Audiography of 1998 is given to H. Sridhar for the Hindi film, **DIL SE**, for capturing sounds as varied as the visuals and creating an unusual rhythm on the track.

एच. श्रीधर

गणित स्नातक एच. श्रीधर को इलेक्ट्रानिक्स और संगीत में खास रुचि है। 1988 में साउंड इंजीनियर के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत की। साउंड इंजीनियर के रूप में उन्होंने दक्षिण भारतीय सिनेमा के मणिरत्नम, के. बालाचन्दर, कमल हासन, प्रियदर्शन और रामगोपाल वर्मा सरीखे बड़े निर्देशकों के साथ काम किया। उन्होंने ए.आर. रहमान के लिए गानों और बैकग्राउंड म्यूजिक तैयार करने में पूरी-पूरी मदद की है। '**रोजा**', '**जेंटलमैन**', '**कादालन**', '**थिरूडा थिरूडा**' और '**इरूवर**' जैसी फिल्मों में ध्वनि आलेखन का श्रेय श्रीधर को जाता है। 1994 में '**महानदी**' फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ ध्वनि आलेखन का एवार्ड दिया गया। भारत की पहली डॉल्बी स्टीरियो फिल्म '**रंगीला**' के ध्वनि सृजन में भी उनका खास योगदान है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों - जार्ज हैरीसन, पंडित रविशंकर, जाकिर हुसैन और एल. शंकर के लिए साउंड मिक्सिंग का काम किया।

H. Sridhar

H. SRIDHAR is a mathematics graduate with a keen interest in electronics and music. He started his career as a sound engineer in 1988 and has worked closely in that capacity with some of the finest names in southern cinema, among them Mani Ratnam, K. Balachandar, Kamal Hasan, Priyadarshan and Ramgopal Varma. He has engineered all the songs and background score for A.R. Rahman and has some groundbreaking films to his credit **"Roja"**, **"Gentleman"**, **"Kadhalan"**, **"Thiruda Thiruda"**, and **"Iruvar"**. He was given the National Award for Best Audiography in 1994 for the film Mahanadi. He was also instrumental in creating the sound for India's first Dolby Stereo film to be produced in India, **"Rangeela"**. He has also mixed sounds for international artistes such as George Harrison, Pandit Ravi Shankar, Zakir Hussain and L. Shankar.

सर्वश्रेष्ठ संपादन पुरस्कार

रेणु सलुजा

संपादिका : **रेणु सलुजा** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए नकद का पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 के सर्वश्रेष्ठ संपादक का पुरस्कार **रेणु सलुजा** को हिन्दी फिल्म **'गॉड मदर'** के लिए दिया जाता है। फिल्म में उन्होंने इतनी कुशलता एवं नवीन तरीके से संपादन किया कि इससे फिल्म को एक कलात्मक स्पर्श मिल जाता है। उनके चुस्त संपादन से फिल्म के मनोभावों एवं ध्वनि का ऐसा संगम हुआ कि फिल्म के कथ्य में एक नई जान आ गई।

AWARD FOR THE BEST EDITING

RENU SALUJA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the editor **RENU SALUJA**

Citation

The Award for the Best Editing of 1998 is given to Renu Saluja for the Hindi film, **GODMOTHER**, for her smart, slick and innovative editing which adds an artistic touch to the film. Her pacing of the cuts enhances the emotions and the sound overlaps lend a remarkable lucidity to the narration.

रेणु सलूजा

पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट में फिल्म संपादन का डिप्लोमा लेकर रेणु सलूजा ने 50 से अधिक फीचर फिल्में की हैं। उन्होंने सईद मिर्जा की '**अल्बर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है**', कुंदन शाह की '**जाने भी दो यारों**', विधु विनोद चोपड़ा की '**परिन्दा**' तथा गोविंद निहलानी की '**अर्धसत्य**' जैसी कालजयी फिल्मों का संपादन किया है। हाल ही में उन्होंने देव बेनेगल की '**स्प्लिट वाइड ओपेन**', नागेश कुकुनूर की '**रॉकफोर्ड**' और शाजी एन. करूण और सुखवंत दादा की डाक्यूमेंटरी '**रिवर्स ऑफ इंडिया**' के संपादन का काम पूरा किया है। उन्होंने '**ये है जिंदगी**' और '**स्वाभिमान**' जैसे टी.वी. धारावाहिकों के लगभग 1,000 एपीसोड संपादित किए हैं। उन्हें इससे पहले 1989 में **परिंदा**, 1991 में **सरदार** तथा 1992 में धारावी के संपादन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है।

Renu Saluja

WITH a diploma in film editing from the Pune-based Film and Television Institute of India, Renu Saluja has handled over 50 feature films. Among the many modern masterpieces she has edited are Saaed Mirza's **"Albert Pinto Ko Gussa Kyon Aata Hai"**, Kundan Shah's **"Jaane Bhi Do Yaaron"**, Vidhu Vinod Chopra's **"Parinda"** and Govind Nihalani's **"Ardh Satya"**. She has just completed work on Dev Benegal's **"Split Wide Open"**, Nagesh Kukunoor's **"Rockford"**, and Shaji N. Karun and Sukhawant Dadda's documentary **"Rivers of India"**. She has also edited about 1,000 episodes of several TV series, among them **"Yeh Hai Zindagi"** and **"Swabhimaan"**. She has been awarded the National Award for Best Editing thrice before for **Parinda** in 1989, **Sardar** in 1991 and **Dharavi** in 1992.

सर्वश्रेष्ठ कला निर्देशन पुरस्कार

नितिन देसाई

कला निर्देशक : **नितिन देसाई** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

नितिन देसाई को अंग्रेजी भाषा की फिल्म '**डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर**' को दिया जाता है। फिल्म में पूर्व बिजली युग से लेकर आजादी के बाद के भारत के लंबे समय का चित्रण हुआ है। इनडोर शूटिंग से आउटडोर शूटिंग, ग्रामीण से शहरी परिवेश, भारतीय से विदेशी लोकेशन एवं सेट से भारतीय लोकेशन तक फिल्म सहजता से आगे बढ़ती जाती है और कहीं कोई फर्क नहीं दिखता। कैमरे के त्रुटिरहित कार्य से कला निर्देशक ने मानों अकेले ही फिल्म में इन पूरे सालों एवं विभिन्न भावों को साकार कर दिया है।

AWARD FOR THE BEST ART DIRECTION

NITIN DESAI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the art director **NITIN DESAI**

Citation

The Award for the Best Art Direction of 1998 is given to Nitin Desai for the English film, **DR BABASAHEB AMBEDKAR**. The film covers a large time span from the pre-electricity age to post-Independent India. The scenes, both indoor and outdoor, move effortlessly from rural to urban, Indian to foreign locales and blur the distinction between sets and locations. With the aid of faultless camerawork, the art direction almost singlehandedly creates the entire period mood and feel of the film.

नितिन देसाई

मंसूर खान की '**जो जीता वही सिंकदर**' से स्टूरला गनरसन की '**सच ए लांग जर्नी**', गोविंद निहलानी की '**द्रोहकाल**' और जान कैम्पियन की '**होली स्मोक**' तक कई फिल्मों में नितिन देसाई का कला निर्देशन देखा जा सकता है। उन्होंने संजय लीला भंसाली की '**खामोशी**' के बैक ड्राप डिजाइन में मदद की जिसका सेट गोवा में लगाया गया था। गुलजार ने आतंकवाद ग्रस्त पंजाब पर '**माचिस**' बनायी जिसके सेट श्री देसाई ने बनाए। उन्होंने '**चाणक्य**' और '**गीता रहस्य**' जैसे धारावाहिकों के सेट भी बनाए। नितिन देसाई अब तक दो स्क्रीन और दो फिल्म फेयर एवार्ड जीत चुके हैं। उन्हें '**सच ए लांग जर्नी**' के सर्वोत्तम कला निर्देशक के लिए जिनी एवार्ड के लिए नामजद किया गया था।

Nitin Desai

FROM Mansoor Khan's **"Jo Jeeta Wohi Sikandar"** to Sturla Gunnarson's **"Such a Long Journey"**, Govind Nihalani's **"Drohkaal"** and Jane Campion's **"Holy Smoke"**, Nitin Desai has worked as art director on several films. He has helped design the backdrop of Sanjay Leela Bhansali's **"Khamoshi"**, which was set in Goa, and handled the sets for Gulzar's **"Maachis"**, which was based in terrorist-stricken Punjab. He has also done the sets for television serials such as **"Chanakya"** and **"Geeta Rahasya"**. He has already won two Screen and two Filmfare awards, and was nominated for the Genie awards for Best Art Director for **"Such a Long Journey"**.

सर्वश्रेष्ठ वेशभूषाकार पुरस्कार

एस.बी. सतीशन

वेशभूषाकार : **एस.बी. सतीशन** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 का सर्वश्रेष्ठ वेशभूषाकार का पुरस्कार एस.बी. सतीशन को मलयामल फिल्म '**दया**' के लिए दिया जाता है जो बिना किसी स्पष्ट समय, जगह एवं शिल्प के उल्लेख के एक फैंतासी फिल्म है। यह फिल्म उच्च गुणवत्ता वाली डिजाइन एक रूपता की मिसाल है और फिल्म में उपयोग में लाए गए कपड़े उनकी बुनाई एवं प्रिंट असरकारी प्रभाव छोड़ते हैं।

AWARD FOR THE BEST COSTUME DESIGNER

S. B. SATHEESAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the costume designer **S. B. SATHEESAN**.

Citation

The Award for the Best Costume Designer of 1998 is given to S. B. Satheesan for the Malayalam film, **DAYA**, a fantasy without any concrete reference to known periods, locales and styles. The film achieves a high quality design integrity and the use of fabrics, weaves and prints leaves a lasting impression.

एस.बी. सतीशन

30 साल की उम्र में ए. सतीशन एस.बी. ने मलयालम सिनेमा के वरिष्ठ हस्तियों के साथ काम कर लिया था। 1996 में उन्होंने अदूर गोपाल कृष्णन की '**कथा पुरुषन**' पर काम किया। 1997 में उन्होंने राजीव अंचल निर्देशित '**गुरु**' के लिए सर्वश्रेष्ठ कास्ट्यूम डिजाइनिंग का पुरस्कार प्राप्त किया। 1998 में वेणु की '**दया**' के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने सुरेश कृष्ण की '**भारतीयम**' और सिद्धीकी की '**फ्रैंड्स**' में बतौर डिजाइनर काम किया।

S.B. Satheesan

AT the age of 30, A. Satheesan S.B. has already worked with the masters of Malayalam cinema. In 1996, he worked on Adoor Gopalakrishnan's **"Kathapurushan"**. In 1997, he won the State award for Best Costume Designing for **"Guru"**, directed by Rajeev Anchal. And in 1998, he repeated that feat when he triumphed with Venu's **"Daya"**. Among the other films he has worked as designer are Suresh Krishna's **"Bharatheeyam"** and Siddique's **"Friends"**.

सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन पुरस्कार

विशाल भारद्वाज

संगीत निर्देशक (संगीत एवं पार्श्व संगीत) **विशाल भारद्वाज** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 के सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का पुरस्कार विशाल भारद्वाज को हिन्दी फिल्म **'गॉड मदर'** के लिए दिया जाता है। फिल्म के कथा और संगीत में लोक एवं आधुनिक संगीत का अद्‌भुत मिश्रण है तथा गुजरात की मिट्‌टी की सौंधी महक बरकरार है।

AWARD FOR THE BEST MUSIC DIRECTION

VISHAL BHARDWAJ

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the music director (songs and background music score) **VISHAL BHARDWAJ.**

Citation

The Award for the Best Music Direction of 1998 is given to Vishal Bhardwaj for the Hindi film, **GODMOTHER**, where the narrative of the film and music bring about an excellent blend of folk and modern. It retains the fragrance of the soil of Gujarat.

विशाल भारद्वाज

विशाल भारद्वाज का संगीत निर्देशक के रूप में काम गुलजार की '**माचिस**' से गोविन्द निहलानी की '**संशोधन**', रामगोपाल वर्मा की '**सत्या**' से वेणु की '**दया**' तक दिखाई देता है। 1965 में जन्में विशाल दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक हैं। विशाल के कार्य में भाषा बाधक नहीं होती।

Vishal Bhardwaj

VISHAL BHARDWAJ has worked as music director for films ranging from Gulzar's **"Maachis"** to Govind Nihalani's **"Sansodhan"**, Ram Gopal Varma's **"Satya"** to Venu's **"Daya"**. Born in 1965, he is a graduate from Delhi University. Vishal's work has no language barriers.

सर्वश्रेष्ठ गीतकार पुरस्कार

जावेद अख्तर

गीतकार **जावेद अख्तर** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 के सर्वश्रेष्ठ गीतकार का पुरस्कार जावेद अख्तर को हिन्दी फिल्म '**गॉड मदर** ' के गाने '**माटी रे माटी रे**' के लिए दिया गया है। इस गाने में लोक भाषा एवं भावनाओं का प्रमाणिक मिश्रण है। इसके लगभग सारे गाने देशभक्ति, आवेग पूर्ण, सहज एवं विचारोतेजक हैं।

AWARD FOR THE BEST LYRICS

JAVED AKHTAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the lyricist **JAVED AKHTAR**

Citation

The Award for the Best Lyrics of 1998 is given to Javed Akhtar for the Hindi film, **GODMOTHER**, for the song, **MATI RE MATI RE**, for its authentic blend of dialect and emotion. A song of patriotism and passion, the lyrics are lucid and thought-provoking.

जावेद अख्तर

जाने माने उर्दू शायर जान निसार अख्तर के बेटे जावेद अख्तर ने पिछली 7 पीढ़ियों से चली आ रही अपने परिवार की लिखने पढ़ने की परंपरा को आगे बढ़ाया। कैम्ब्रिज स्कूल, भोपाल से स्कूली शिक्षा और सोफिया कालेज, भोपाल से स्नातक होने के बाद जावेद अख्तर का कृतित्व ऐसे स्क्रिप्ट राइटर, गीतकार और शायर के रूप में देखा जा सकता है, मुंबई फिल्म उद्योग में जिसका कोई जोड़ नहीं है। सलीम खां के साथ मिलकर **'एंग्री यंग मैन'** की छवि का सृजन करने वाले जावेद ने उर्दू शायरी में लोगों की रूचि फिर से जगायी। अलग-अलग तरह के कलाकारों के साथ मिलकर काम करने वाले जावेद ने सूफी कलामों के उस्ताद गायक स्वर्गीय नुसरत फतेह अली, गजल किंग जगजीत सिंह के साथ काम किया है। उन्होंने 1980 में शायरी की शुरूआत की और उनका पहला दीवान **'तरकश'** के अब तक 6 एडीशन छप चुके हैं। उन्हें पद्मश्री से भी नवाजा जा चुका है।

Javed Akhtar

SON of well-known Urdu poet, Jan Nisar Akhtar, Javed Akhtar has carried forward the family tradition, where writing can be traced back to seven generations. Having done his schooling from Cambridge School, Bhopal, and graduation from Safiya College, Bhopal, Javed Akhtar's work as a script writer, lyricist and poet is unrivalled in the Mumbai film industry. The creator, along with Salim Khan, of the **"Angry Young Man image"**, he has been instrumental in reviving popular interest in Urdu poetry. He has collaborated with a variety of artistes, from the late Sufi maestro Nusrat Fateh Ali Khan, to the current ghazal king, Jagjit Singh. Married to actress Shabana Azmi, he forms one-half of a dynamic power couple. Having started writing poetry in 1980, his first collection, **"Tarkash"**, is already in its sixth edition. He has already won the Padma Shri.

निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार

किछु संलाप किछु प्रलाप

निर्माता : **मै. दृश्यकाव्य** को रजत कमल एवं 12,500 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **अशोक विश्वनाथन** को रजत कमल एवं 12,500 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 का विशेष जूरी का पुरस्कार बंगला फिल्म **'किछु संलाप किछु प्रलाप'** के शानदार निर्देशन के लिए अशोक विश्वनाथ को दिया जाता है। प्रयोगात्मक प्रयास के रूप में फिल्म असाधारण है और छद्म-बुद्धिजीवी जनित मूल्य-व्यवस्था पर एक तीखा व्यंग्य है।

SPECIAL JURY AWARD

KICHHU SANLAP KICHHU PRALAP

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 12,500/- to the producer **M/S DRISHYAKAVYA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 12,500/- to the director **ASHOKE VISWANATHAN**

Citation

The Special Jury Award of 1998 is given to the Bengali film **KITCHHU SANLAP KITCHHU PRALAP**, brilliantly directed by Ashoke Viswanathan. The film is extraordinary in its experimental effort and works as a satire on our pseudo-intellectual dominated value system.

अशोक विश्वनाथन

कलकत्ता के सत्यजीतराय फिल्म और टेलीफिल्म संस्थान के सहायक प्रोफेसर तथा जादवपुर विश्वविद्यालय के वैकल्पिक प्रवक्ता अशोक विश्वनाथन पुणे फिल्म संस्थान से फिल्म निर्देशन में स्नातक हैं। सेंट जेवियर कालेज के गणित स्नातक विश्वनाथन ने 40 से अधिक फिल्मों और टी.वी. प्रोग्रामों का निर्देशन किया है। उन्हें **'शून्य ठेके शुरू'** के लिए 1993 का सर्वोत्तम फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला तथा उनके अंग्रेजी सीरियल **'थ्रू द एजस'** को दूरदर्शन पर 9 हिस्सों में दिखाया गया। कलकत्ता के अंग्रेजी रंगमंजीय परंपरा के सक्रिय सदस्य श्री विश्वनाथन सिनेमा पर जर्नलों तथा अखबारों में नियमित लेखन भी करते हैं।

Ashoke Viswanathan

ASSISTANT Professor at the Calcutta-based Satyajit Ray Film and Television Institute and occasional lecturer at the Jadavpur University, Ashoke Viswanathan is a graduate in film direction from the Film and Television Institute of India. A mathematics graduate from St Xavier's College, Calcutta, he has directed more than 40 films and TV programmes. **"Sunya Theke Suru"** won the National Award for Best First Film for the year 1993 and the made a nine-part English serial for Doordarshan. Theatre **"Through The Ages"**, Viswanathan has worked in very film form possible. An active member of Calcutta's English theatrical tradition, he is also a regular writer on cinema in journals and newspapers.

सर्वश्रेष्ठ विशेष प्रभाव सृजन पुरस्कार

एस.टी. वेंकी

विशेष प्रभाव सृजक : **एस.टी. वेंकी** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 के सर्वश्रेष्ठ प्रभाव सृजन का पुरस्कार वेंकी को तमिल फिल्म '**जीन्स**' के लिए दिया जाता है जिसमें उन्होंने कम्प्यूटर पर बेहद प्रयोगात्मक एवं उल्लेखनीय विशेष प्रभाव की रचना की। जुड़वां चरित्रों के एनीमेशन आकर्षक एवं जटिल हैं।

AWARD FOR THE BEST SPECIAL EFFECTS

S.T. VENKI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the creator **S. T. VENKI.**

The Best Special Effects Award of 1998 is given to the creator Venki for the Tamil film, **JEANS**, for his extremely innovative and spectacular special effects created on the computer. The animation of the twin characters is fascinating and intriguing.

एस. टी वेंकी

एस. टी. वेंकी चेन्नई के गर्वनमेंट कॉलेज ऑफ आर्टस एंड क्राफ्ट्स से फाइन आर्टस में स्नातकोत्तर हैं। 44 वर्षीय वेंकी विशेष प्रभाव देने के मामले में अद्वितीय हैं और उन्होंने एनीमेशन और कंप्यूटर ग्राफिक्स में 14 वर्ष बिताए हैं। **अंजलि** (1990), **जेंटलमैन** (1990) एवं **इंडियन** (1996) जैसी फिल्मों जिसके लिए उन्होंने काम किया है तकनीकी प्रभाव के लिए काफी विख्यात हैं।

S.T. Venki

S.T. Venki is a post-graduate in fine arts from the Government College of Arts and Crafts, Madras. The 44-year-old is a whiz at special effects and has spent 14 years now in animation and computer graphics. Some of the films he has worked on have been regarded as ground-breaking for their technical effects, among them **"Anjali"** (1990), **"Gentleman"** (1990) and **"Indian"** (1996).

सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशन पुरस्कार

वृन्दा

नृत्य निर्देशक **वृन्दा** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 के सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशक का पुरस्कार वृन्दा को मलयालम फिल्म '**दया**' में अरबी नृत्य के ऊर्जाशील एवं नवीन प्रयोग के लिए दिया जाता है।

AWARD FOR THE BEST CHOREOGRAPHY

BRINDA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the choreographer **BRINDA**

Citation

The Award for the Best Choreography of 1998 is given to Brinda for the Malayalam film, **DAYA**, for the spirited and novel adaptation of an Arabic dance.

वृन्दा मेनन

वृन्दा मेनन ने आठ वर्ष की आयु से नृत्य करना शुरु किया और 15 से कैरियर। इन्होंने सर्वप्रथम सी. सुन्दर द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म '**उल्लतई अलित**' में नृत्य निर्देशन किया। उसके बाद वृन्दा तमिल, मलयालम, तेलुगू, कन्नड़ एवं हिन्दी की 150 फिल्मों में नृत्य निर्देशन कर चुकी हैं। जिनमें '**इरुवर**', '**अरुणाचलम**', '**पादयप्प**', '**मेल पीली**', '**दया**' इत्यादि शामिल हैं। इन्हें दो बार फिल्म फेयर पुरस्कार, स्क्रीन एवार्ड तथा सिनेमा एक्सप्रैस एवार्ड मिल चुके हैं। ये अपनी बहन के साथ '**कला कलालय**' नाम से अपना नृत्यदल भी चलाती हैं।

Brinda

Brinda Menon, youngest daughter of K. Gopal Menon hails from Vaikom District, Kerala. She started her dance from the age of 8 and her career started from 15. She first directed dances in a tamil movie **"Ullathai Allitha"** directed by C. Sunder. After that she has done 150 films in Tamil, Malayalam, Telugu, Kannada and Hindi including **"Iruvar", "Arunachalam", Padaiyappa, "Mail Peeli", "Daya"** etc. She has received Filmfare Award (twice), Screen Awards, Cinema Express Award etc. She and her sister have their own troupe of dancers named as **"Kala's Kalayala"** for stage shows.

सर्वोत्तम असमिया कथाचित्र पुरस्कार

कुहखल

निर्माता **डॉल्फिन कम्युनिकेशन** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार। निर्देशक **जाहुन बरूआ** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की असमिया की सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार कुहखल को ब्रितानी भारत की ऐतिहासिक घटनाओं के प्रमाणिक चित्रण के लिए दिया जाता है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN ASSAMESE

KUHKHAL

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the producer **DOLPHIN COMMUNICATIONS.**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the director **JAHNU BARUA**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Assamese of 1998 is given to **KUHKHAL** for its authentic portrayal of a historical event of British India.

जाहुन बरूआ

जाहुन बरूआ फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान के स्नातक हैं। उनकी प्रथम कथाचित्र **अपरूपा** (असमिया) को 1983 का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था। '**पापोरी**' और '**हलोधिआ चोराए बाओधन खाई**' भी सराहनीय थी। '**हालोधिआ चोराए बाओधन खाई**' को 1988 के राष्ट्रीय फिल्म समारोह में स्वर्ण कमल तथा लोकार्नो अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह में रजत पदक प्राप्त हुआ था। 1989 में टोकियो फिल्म समारोह में इस फिल्म को सर्वोत्तम एशियाई फिल्मों में दर्शाया गया था। 1990 में जाहनू ने '**बनानी**' और उसके बाद '**फिरिंगोती**' बनाई। '**फिरिंगोती**' को 1992 में रजत कमल मिला। उनकी फिल्म '**हखागोरोलोई बोहु दूर**' को रजत कमल एवं अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। फिल्मों से पहले वे भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन में काम करते थे। वे आजकल जेवियर इन्स्टीट्यूट ऑफ कम्यूनिकेशन, मुंबई में सिनेमा विषय को पढ़ाते भी हैं।

Jahnu Barua

Jahnu Barua is a graduate in film direction from Film and Television Institute of India. His first feature was **"Aparoopa"** film which won the National Award in 1983. His other film include **"Papori"** and **"Halodhia Choraye Baodhan Khai"** (The Catastrophe). The latter won him the Swarna Kamal at the National Film Festival, 1988 and Silver Leopard at the Locarno International Film Festival, 1988. It was also in the best of Asia Section of the Tokyo International Film Festival, 1989. He has also made **"Banani"** (The Forest) in 1990. Then he made **"Firingoti"** (The Spark) which has also won him the Rajt Kamal at the National Film Festival, 1992. His film **"Hakhagoroloi Bahu Door"** has won Rajat Kamal and several international awards. Before making feature film, Jahun Barua worked in the Indian Space Research Organisation (ISRO) making educational programmes for Mumbai television. He also teaches cinema at the Xavier Institute of Communications, Mumbai.

सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र पुरस्कार

असूख

निर्माता : **डी. रामानायडु** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **ऋतुपर्णो घोष** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ बंगला फीचर फिल्म का पुरस्कार '**असूख**' को दिया जाता है। इस फिल्म में एक फिल्म अभिनेत्री के जीवन के किसी संवेदनशील मोड़ पर आई दुविधा का चित्रण है। अपने प्रेमी द्वारा ठुकराई यह अभिनेत्री अपने जीवन में आए बहुस्तरीय दबावों से कैसे निपटती है, यह फिल्म उसी का सशक्त चित्रण करती है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN BENGALI

ASOOKH

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the producer
D. RAMA NAIDU

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the director
RITUPARNO GHOSH

Citation

The Award for the Best Feature Film in Bengali of 1998 is given to **ASOOKH** profiling the dilemma of a film actress, at a delicate point in her life. Rejected by her lover, **ASOOKH** is an internalised story of an actress coming to terms with multiple pressures in her life.

डी. रामानायडू

दक्षिण भारतीय सिनेमा के किसी संस्थान से कम नहीं हैं डी. रामानायडू। उन्होंने अपने 33 वर्ष के कैरियर के दौरान तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिन्दी की 100 फिल्में बनायी हैं। आंध्रप्रदेश के ग्राम करमचेड़ के एक किसान से चावल मिल मालिक बने रामानायडू 1962-63 में एक्टर बनने के लिए चेन्नई आए। लेकिन वे सुरेश प्रोडक्शनस बैनर के तहत निर्माता बने। 1983 में उन्होंने अपना कार्यस्थल हैदराबाद बना लिया, जब राज्य सरकार ने 5 एकड़ के प्लाट की पेशकश की जहां उन्होंने एक खूबसूरत '**रामानायडू स्टूडियो**' बनाया। उनके बेटे सुरेश बाबू निर्माता हैं और वेंकटेश एक हीरो हैं दोनो मिलकर उनकी विरासत को जारी रखे हुए हैं।

ऋतुपर्णो घोष

लघु फिल्म निर्माता और पेंटर सुनील घोष के पुत्र ऋतुपर्णो घोष ने अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल करने के बाद एक एडवरटाइजिंग एजेंसी में 'कॉपीराइटर' बन गए। 1991 में उनकी नेशनल कौंसिल ऑफ चिल्ड्रन एंड यंग पीपुल की एक बाल फिल्म से शुरुआत हुई। लेकिन, 1994 में '**19 अप्रैल**' जिसमें अपर्णा सेन व देवाश्री राय जैसे कलाकार थे, से उनकी पहचान कायम हुई। इसे 1995 में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। इसे हांगकांग, हवाई और सैन फ्रांसिस्को के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में आमंत्रित किया गया। 1996 में बनी उनकी अगली फिल्म '**दहन**' मध्यम वर्ग का सिनेमा साबित हुई और रजत कमल मिला। 1998 में बर्लिन समारोह में '**फ़ोरम फार यंग सिनेमा**' में '**दहन**' का प्रदर्शन हुआ। इसे सर्वश्रेष्ठ बंगला फीचर फिल्म तथा एक फ़िप्रेसी पुरस्कार मिला। ऋतुपर्णो घोष ने अपनी नई फिल्म '**असूख**' 1998 में बनायी। आजकल वे अपनी पांचवी फीचर फिल्म '**बाड़ीवाली**' पर काम कर रहे हैं।

D. Rama Naidu

NOTHING short of an institution in the world of southern cinema, D. Rama Naidu has produced almost 100 films in Telugu, Tamil, Kannada and Hindi in a career spanning 33 years. From a farmer in Karamchedu in Andhra Pradesh to a rice mill owner, Rama Naidu has come a long way after moving to Chennai in 1962-63 to become an actor. But it was as a producer, under his banner Suresh Productions, that he made it big. He shifted his operations to Hyderabad in 1983 when the State government offered him a five acre plot on which he set up the state-of-the-art Ramanaidu Studio. His sons Suresh Babu, a producer, and Venkatesh, a highly-acclaimed actor, have continued his legacy.

Rituparno Ghosh

SON of short-film maker and painter Sunil Ghosh, Rituparno Ghosh started as a copywriter in an advertising agency after acquiring a post-graduate degree in economics. He made his debut in 1991, with a children's film produced by the National Council of Children and Young People, but it was his 1994 film, **"Unishe April"**, starring Aparna Sen and Debashree Roy which won him the best feature film award at the National Film Awards ceremony in 1995. It was invited to international film festivals at Hong Kong, Hawaii, and San Francisco. His next film, **"Dahan"**, made in 1996, remained true to the new middle class cinema that he was establishing. That film fetched him a Silver Lotus for Best Screenplay. It also won the Best Bengali Feature Film. **Dahan** was shown at the "Forum for Young Cinema" at the Berlinale, 1998 and also the FIPRESCI award. Rituparno Ghosh's latest feature film, **"Asookh"**, was completed in 1998. He is now working on his fifth feature film, **"Bariwali"**. In the midst of this, he also finds time to edit the popular Bangla film fortnightly, Anandalok.

सर्वोत्तम अंग्रेजी कथाचित्र पुरस्कार

डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर

निर्माता **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्माता **महानिदेशक (सूचना) महाराष्ट्र सरकार** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार
निर्देशक **डॉ. जब्बार पटेल** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की अंग्रेजी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार **'डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर'** को दिया जाता है। यह भारत के महानतम नेताओं में एक बाबा साहेब की सामाजिक एवं राजनैतिक जिंदगी के पहलुओं पर एक प्रमाणिक एवं शोधपरक फिल्म है।

BEST FEATURE FILM IN ENGLISH

DR BABASAHEB AMBEDKAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the producer Ministry of Social Justice & Empowerment, Govt. of India.
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the producer : Director General (Information), Govt. of Maharashtra.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the director, **DR JABBAR PATEL**

Citation

The Award for the Best Feature Film in English of 1998 is given to **DR BABASAHEB AMBEDKAR**, an authentic and well researched biopic which probes the political and social aspects of the life of one of the greatest leaders of India.

जब्बार पटेल

पेशे से चिकित्सक (डाक्टर) जब्बार पटेल ने बी.जी. मेडिकल कालेज (पुणे विश्वविद्यालय) से स्नातक होने के बाद मुंबई से बाल स्वास्थ्य का डिप्लोमा किया। 1971 में अपनी स्त्री रोग विशेषज्ञ पत्नी मणिबेन पटेल के साथ प्रैक्टिस करने लगे। लेकिन, वे हमेशा थियेटर में सक्रिय रहे। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त **'घासीराम कोतवाल'** के प्रदर्शन के लिए पूरे यूरोप और अमरीका का दौरा किया। उनकी फिल्म **'सामना'** को 1975 में बर्लिन फिल्म महोत्सव में आधिकारिक प्रवेश मिला। **'सिंहासन'** और **'उम्बार्ता'** आधुनिक भारतीय सिनेमा के लिए मील का पत्थर हैं। इसमें खासतौर पर स्व. स्मिता पाटिल की अविस्मरणीय भूमिका है। उन्होंने कई वृत्तचित्र भी बनाए, जैसे **'महाराष्ट्र : 25 वर्ष'**, **'एस.एम. जोशी'**, **'तर्कतीर्थ'** और **'पी.एल. देशपांडे'**। इससे उनका सामाजिक और सांस्कृतिक विचारों को महत्व देना परिलक्षित होता है।

Jabbar Patel

A MEDICAL doctor by profession, Jabbar Patel, a graduate of the B.J. Medical College, University of Poona, did a diploma in child health from Mumbai, and started practising in 1971 with his gynaecologist wife, Maniben Patel. But he had always been actively involved in theatre. His internationally-acclaimed production, Ghasiram Kotwal, toured throughout Europe and the US. His first film, **"Samanaa"** in 1975, was the official entry to the **"Berlin"** Film festival, followed by a musical made for the Mangeshkar family. **"Simhasan"** and **"Umbartha"** remain milestones in modern Indian cinema, the latter especially for an outstanding performance by the late Smita Patil. He has also made documentaries *such as* ***Maharashtra: 25 Years, S.M. Joshi, Tarkatirtha*** *and* ***P.L. Deshpande***, which reflect the importance he gives to the social and cultural point of view.

सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र पुरस्कार

गॉड मदर

निर्माता : **ग्रामको फिल्म्स** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **विनय शुक्ला** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फीचर फिल्म का पुरस्कार **'गॉड मदर'** को दिया जाता है। यह फिल्म समसामयिक सत्ता व्यवस्था से ताल्लुक रखती है और सहजता से हिंसा, भ्रष्टाचार और आवेग का चित्रण करती है। फिल्म का संगीत, कला निर्देशन और डायलाग के संयुक्त प्रभाव से लोकप्रिय भारतीय सिनेमा के एक अति सशक्त क्षेत्रीय पात्र के किरदार का उदय हुआ है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN HINDI

GODMOTHER

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the producers **GRAMCO FILMS**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the director **VINAY SHUKLA**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Hindi of 1998 is given to the film **GODMOTHER**. The film deals with the contemporary power structure and confronts violence, corruption and extreme passion with ease. The music, art direction and the dialogues combine to create a strong ethnic character setting a new trend in popular Indian cinema.

विनय शुक्ल

राजस्थान विश्वविद्यालय से साहित्य स्नातक होने के बाद विनय शुक्ल ने फिल्म और टेलीविजन संस्थान से निर्देशन में स्वर्ण पदक पाया। 1977 में उन्होंने शबाना आज़मी और आमोल पालेकर अभिनीत **'समीरा'** का निर्देशन किया। 1983 में उसे अंतर्राष्ट्रीय फिल्ममहोत्सव के पैनोरमा सेक्शन के लिए चुना गया था, पर कानूनी अड़चनों के कारण रिलीज नहीं किया जा सका। अभी उनकी फिल्म **'गॉड मदर'** भी विवादों में फंस गई थी। उन्होंने फिल्म लेखन का भी काम किया। 1979 में संजीव कुमार वाली **'हम पांच'** के अतिरिक्त 25 फिल्में लिखीं। इनमें से डिम्पल - राज बब्बर की **'ऐतबार'** और अनिल कपूर -तब्बू की **'विरासत'**भी है।

Vinay Shukla

A GRADUATE in literature from Rajasthan University and a gold medallist in film direction from FTII, Vinay Shukla made his directorial debut in 1977 with **"Sameera"** starring Shabana Azmi and Amol Palekar. It was selected in the Panorama section of the International Film Festival of 1983 but it couldn't be released due to legal problems, a taste of things to come for Shukla, whose **"Godmother"** was also plagued by controversies. He made his debut as a writer in 1979 with **"Hum Panch"** starring Sanjeev Kumar, and has worked on 25 films subsequently. Among those he has written are: **"Aitbaar"** starring Dimple and Raj Babbar, and **"Virasat"** starring Anil Kapoor and Tabu.

सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र पुरस्कार

हूमाले

निर्मात्री : **उषा राव के.एस.** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **नागतीहल्ली चन्द्रशेखर** को रजत कमल एवं 20 हजार रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 का सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म का पुरस्कार '**हूमाले**' को दिया गया है। फिल्म में एक विधवा द्वारा अन्जान क्षेत्र और विषम परिस्थितियों में आतंक पर कठिन विजय प्राप्त करने का सशक्त चित्रण किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN KANNADA

HOOMALE

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the producer **USHA RAO K.S.**

Rajt Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Director **NAGATHIHALLI CHANDRASHEKAR**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Kannada of 1998 is given to **HOOMALE** for its strong statement about a widow surmounting severe trials in an unfamiliar land and circumstances and finding love against a background of Terrorism.

उषा राव के.एस.

बी.काम करने के बाद उषा राव के.एस. ने 1985 में शादी की। 1986 में उनके पति अनन्त की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई जो अपने ढाई महीने का बच्चा छोड़ गए। लेकिन यह जीवन का अंत नहीं था। उन्होंने 1988 में एक पोस्टल कर्मचारी नदहल्ली श्रीपद राय से शादी कर ली। इसके साथ ही उन्होंने अपने पति के साथ विधवा कल्याण के लिए एक संगठन **'परिवर्तन'** शुरू किया। अब तक अपने संगठन के जरिए 13 विधवाओं के घर बसाए हैं। उन्होंने **'हूमाले'** का निर्माण किया जो विधवा पुनर्विवाह पर आधारित है। इस फिल्म में इलायाराजा का संगीत है। दादा साहेब फाल्के एवार्ड विजेता डॉ. राजकुमार ने एक गीत गाया है। राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार विजेता नागतीहल्ली चन्द्रशेखर ने इस फिल्म को निर्देशित किया है। हूमाले को कन्नड़ चित्र प्रेमीशाला संघ ने सेकेंड बेस्ट फिल्म कहा है और इसके नायक रमेश, नायिका सुमन नागरवार और निर्देशक चन्द्रशेखर को भी एवार्ड मिल चुके हैं।

नागतीहल्ली

नागतीहल्ली चन्द्रशेखर अध्यापक के बेटे हैं और अपने कैरियर की शुरूआत कहानी और उपन्यास लेखन से की। चन्द्र नाम से मशहूर 1991 में **'उन्डू होडा कोंडू होडा'** को सर्वोत्तम कथा के लिए राज्य सरकार का पुरस्कार उन्हें मिला। यह चन्द्र के निर्देशन में पहली फिल्म थी। 1994 की **'कोत्रेशी कनसु'** 1996 में **'अमरीका! अमरीका!'** को कन्नड़ की सर्वोत्तम फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

Usha Rao K.S.

AFTER completing her B.Com, Usha Rao K.S. got married in 1985. In 1986, she lost her husband, Ananth, in a road accident and was left with a two-and-a-half month old baby. But that wasn't the end of her life. She married Nadahalli Sripad Rao, a young postal employee, in 1988, and started a new organisation with her husband for the welfare of widows, called **"Parivarthana"**. As many as 13 widow marriages have been arranged through their organisation, which has produced **"Hoomale"**, also based on widow remarriage. While Ilayaraja has scored the music, Dadasaheb Phalke Award-winner Dr Rajkumar has sung a song, and National and State Award-winner Nagathihalli Chandrashekhar has directed the film. Already, **Hoomale** has been recognised as the second best film by the Kannada Chitra Premigala Sangha, and the hero, Ramesh, heroine, Suman Nagarkar, and director, Chandrashekar, have all bagged awards.

Nigathihalli Chandrashekar

NAGATHIHALLI CHANDRASHEKHAR, popularly known as Chandru, is the son of a teacher and began his career as a writer of short stories and novesl. His maiden directorial venture in 1991, **"Undu Hoda Kondu Hoda"**, won a State award for best story, while both **"Kotreshi Kanasu"** in 1994 and **America! America!** in 1996 won National Awards for Best Regional Film in Kannada.

सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र पुरस्कार

अग्निसाक्षी

निर्माता : **मैसर्स सृष्टि फिल्म्स** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **श्यामा प्रसाद** को रजत कमल एवं 20 हजार रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ मलयालम फिल्म का पुरस्कार '**अग्निसाक्षी**' को दिया जाता है। यह फिल्म बड़े प्रमाणिक तरीके से ब्राह्मणों की युगों से चली आ रही सामाजिक प्रथा की विवेचना करती है। फिल्म की कहानी में एक ब्राह्मण महिला - थेथी के निर्भीक कार्यों का चित्रण है जो अंततोगत्वा संन्यास ले लेती है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN MALAYALAM

AGNISAAKSHI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the producer **M/S SRISHTI FILMS**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the director **SHYAMA PRASAD**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Malayalam for 1998 is given to **AGNISAAKSHI**. It deals, in a very authentic fashion, with the social ambience prevalent among the Brahmins ages ago. The story unfolds through the bold adventures of one Brahmin woman _ Thethi _ who finally takes "sanyas".

आर. श्यामा प्रसाद

कामन वेल्थ की स्कालरशिप पर इंग्लैंड की हुल युनिवर्सिटी से भी मीडिया स्टडीज में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त 39 वर्षीय आर. श्यामा प्रसाद ने कई पुरस्कार हासिल किए हैं। फीचर फिल्म '**अग्निसाक्षी**' के साथ टेलीफिल्म '**नीलवारियुन्नु**' को 1996 बुल्गारिया गोल्डेन क्रेस्ट टी.वी. फेस्ट प्लोवडिव का विशेष जूरी एवार्ड मिला और उन्हें 1993 व 1994 में ओनिडा पिनाकल से सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। 1998 में अग्निसाक्षी को 9 पुरस्कार मिले जिसमें एक सर्वोत्तम निर्देशक भी था।

Dr. Shyama Prasad

WITH a master's degree in media studies from Hull University, England, on a Commonwealth scholarship, 39-year-old R. Shyamaprasad has many award-winning works to his credit, though Agnisakshi is his featue film debut. His telefilm, **Nilavariyunnu**, won the special jury prize at the Golden Crest TV fest held at Plovdiv in Bulgaria in 1996 and the Onida Pinnacle National Award for Best Director in 1993 and 1994. **Agnisaakshi** won him nine prizes at the Kerala State film awards in 1998-among them was Best Director.

सर्वोत्तम मराठी कथाचित्र पुरस्कार

तु तिथे मी

निर्मात्री : **स्मिता तलवलकर** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **संजय सूरकर** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ मराठी फिल्म का पुरस्कार '**तू तिथे मी**' को दिया जाता है। इस फिल्म में एक पुराने एवं बिखरते संयुक्त परिवार की दुर्दशा पर एक नवीन एवं आकर्षक प्रेम कहानी के जरिए प्रकाश डाला गया है। मोहन जोशी एवं सुहाश जोशी की शानदार अदाकारी फिल्म का उल्लेखनीय पक्ष है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN MARATHI

TU TITHE MEE

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the producer **SMITA TALWALKAR**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the director **SANJAY SURKAR**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Marathi of 1998 is given to **TU TITHE MEE** which sheds light on the plight of the old and the crumbling of the joint family in the novel and entertaining format of a love story. Beautiful performances by Mohan Joshi and Suhas Joshi are the highlights of the film.

स्मिता तलवलकर

स्मिता तलवलकर ने 1992 में मुंबई दूरदर्शन पर न्यूजरीडर के रूप में कैरियर की शुरूआत की और साथ ही स्टेज और फिल्मों में अभिनय भी किया। 1989 में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की और कई फिल्मों का निर्माण किया। **'कलात-नकलात'** और **'चौकट राजा'**। उन्होंने **'सावत माजीलड़की'** का निर्माण और निर्देशन किया जिसे 5 राज्य पुरस्कार मिले।

Smita Talwalkar

SMITA TALWALKAR started her career as a newsreader in Mumbai Doordarshan in 1972 and went on to act on stage and in films. Beginning her own production company in 1989, Talwalkar has produced several films, **"Kalat Nakalat"** and **"Chaukat Raja"**; and produced and directed **"Savat Mazi Ladki"**, which won five State awards.

संजय सूरकर

संयज सूरकर फाइन आर्ट्स में स्नाकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के बाद 20 वर्षों से मराठी थियेटर में सक्रिय हैं। उन्होंने कई मराठी नाटकों का निर्देशन किया। **'तो एक क्षण'** उन्होंने 1990 में टीवी. सीरियल **'नो प्रॉब्लम'** का निर्देशन किया। उनके निर्देशन में मराठी फिल्म **'चौकट राजा'** बनी जिसे 1991 में इंडियन पैनोरामा के लिए चुना गया। उनकी फिल्म **'अपाली मानस'** को 1992 में राज्य का वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला। उनकी नयी फिल्म **'तू तिथे मी'** को 3 स्क्रीन अवार्ड, 5 फिल्म फेयर और 11 राज्य पुरस्कार मिल चुके हैं।

Sanjay Surkar

SANJAY SURKAR, a post graduate in fine arts, has been working in Marathi theatre for the last 20 years. Director of several Marathi plays such as **"To Ek Kshan"** in 1988 and TV serials such as **"No Problem"** in 1990, he also directed **"Chaukat Raja"**, a Marathi film which was selected for the Indian Panorama in 1991. His next film, **"Apali Mans"**, won the State's Best Film of the Year Award in 1992. His latest film, **"Tu Tithe Mee"** has already won three Screen awards, five Filmfare awards and 11 State awards.

सर्वोत्तम उड़िया कथाचित्र पुरस्कार

नंदन

निर्माता : **राष्ट्रीय बाल एवं युवा चलचित्र केंद्र** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

निर्देशक : **ए.के. बीर** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ उड़िया फिल्म का पुरस्कार **'नंदन'** को इसकी सहज कहानी एवं यर्थाथवादी पर्यावरण के चित्रण के लिए दिया है। **'नंदन'** एक निर्धन शिशु की अकांक्षाओं एवं उन्हें पूरा करने में उसके माता-पिता की सीमाओं का चित्रण करती है। पारिवारिक मूल्यों एवं प्रेम की भौतिक व्यवस्था पर जीत को फिल्म में बहुत प्रभावकारी तरीके से पेश किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN ORIYA

NANDAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the producer National Centre of Films for Children & Young People (N'CYP)
Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the director **A.K. BIR**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Oriya for 1998 is given to the film **NANDAN** for its simple story and realistic milieu. **NANDAN** portrays the aspiration of a poor child and the constraints of his parents in fulfilling them. The triumph of family values and love over material gloss has universal appeal.

ए.के. बीर

ए.के. बीर ने उड़ीसा से स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् सिनेमाटोग्राफी का कोर्स करने के लिए सन् 1969-70 में पुणे के टेलीविजन इंस्टीट्यूट में दाखिला ले लिया। उसके बाद के वर्षों में बीर ने तमाम विज्ञापन, फिल्मों, वृतचित्रों आदि की फोटोग्राफी से लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। उन्हें सन् 1974 में सर्वश्रेष्ठ सिनेमाटोग्राफी का राष्ट्रीय पुरस्कार तथा 27 डाऊन के लिए भी बी.एफ.जे.ए. पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बीर को उनके "**घरौंदा**" तथा "**ओडामोनडू**", "**कल्ला उल्ली**", फिल्मों में किये उच्चकोटि के काम पर कई पुरस्कार दिये गये। उनकी बतौर निर्माता निर्देशक के पहली फिल्म "**आदी मीमांसा**" थी। यह फिल्म 1992 में आई। इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। "**आदी मीमांसा**" को किसी निर्देशक की पहली फिल्म का अरविंदम पुरस्कार भी मिला था। इसे टोक्यो तथा बंगलौर अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में भी दिखाया गया था। बीर ने "**लावण्य प्रीति**" नाम की एक बाल फिल्म का भी निर्देशन किया। इस फिल्म को सन् 1993 के उदयपुर अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में राष्ट्रीय जूरी समीक्षक पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। उन्होंने "**आरण्यक**" नाम की फ़ीचर फिल्म का भी निर्देशन किया। "**आरण्यक**" को मुंबई फिल्म समारोह में दिखाया भी गया था। बीर की "**शेष दृष्टि**" फिल्म को सर्वश्रेष्ठ उड़िया फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। इस फिल्म ने सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रतियोगी वर्ग में शिरकत भी की।



A.K. Bir

AFTER graduation from Orissa, A.K. Bir took up cinematography, enrolling at the Film and Television Institute of Pune in 1969-70. Since then he has shot several advertising films, documentaries and features. He won the National Award for Best Cinematography in 1974 and also the BFJA award for cinematography for **27 *Down***. He has collected other awards for films such as **"Gharonda"** and **"Oondanondu Kalladali"**. He directed and produced his first film, **"Adi Mimansa"** in 1992, which was highly appreciated and won the Aravindan Award for the Best First Film of a Director. It was also selected for the Tokyo International Film Festival and the International Film Festival in Bangalore. He also directed the children's film, **"Lavanya Preeti"**, which received the National Award and International Jury's Critic Award at the Udaipur International Film Festival, 1993. He directed a feature film, **"Aranyaka"**, which was selected and screened at the Mumbai International Film Festival. His ***Shesha Drushti*** received the National Award for Best Feature Film in Oriya and participated in the competition section in the Singapore International Film Festival.

सर्वोत्तम पंजाबी कथाचित्र पुरस्कार

शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह

निर्माता : **मंजीत मान** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार
निर्देशक : **मनोज पुंज** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ पंजाबी फिल्म का पुरस्कार '**शहीद-ए-मुहब्बत बूटा सिंह**' को दिया गया है। फिल्म में भारत में बंटवारे से प्रभावित बूटा सिंह के दुख एवं संताप का संवेदनशील चित्रण है। गुरदास मान सिंह ने बूटा सिंह की भूमिका में जान फूंक दी है । फिल्म बंटवारे के बाद की दुखद स्थिति की विवेचना करती है और मनुष्य द्वारा बनाई गई सीमा के पार प्रेम एवं मानवता का संदेश देती है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN PUNJABI

SHAHEED-E-MOHABBAT BOOTA SINGH

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the producer **MANJEET MAAN**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the director **MANOJ PUNJ**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Punjabi of 1998 is given to **SHAHEED-E-MOHABBAT BOOTA SINGH** for its sensitive depiction of pain and sorrow perpetrated by the Partition of India on Boota Singh. The role is played to perfection by Gurdas Maan and the film reflects the aftermath of a tragedy. It delivers a message of love and humanity, reaching far beyond man-made borders.

मन्जीत मान

दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक 37 वर्षीया मनजीत मान कई प्रोजेक्टों की निर्मात्री हैं। उन्होंने दूरदर्शन के लिए **'पॉप टाइम'** और टिप्स तथा सुपर कैसेट जैसी कई कंपनियों के लिए म्यूजिक वीडियो बनाए हैं। उन्होंने पंजाबी फिल्मों, **'दुश्मनी दी अग'**, **'गबरू पंजाब दा'** और **'की बनू दुनिया दा'** में अभिनय किया है। उन्होंने गायक, अभिनेता गुरदास मान के कैरियर को संवारने का काम किया और फिर उन्हीं से शादी भी की।

Manjeet Maan

THE 37-year-old graduate from Delhi University, Manjeet Maan, has produced a number of projects such as **"Poptime"** for Doordarshan and music videos for companies such as Tips and Super Cassettes. She has also acted in Punjabi feature films such as **"Dushmani di Aag"**, **"Gabroo Punjab Da"** and **"Kee Banoo Duniya Da"**. She also manages the career of singer/actor Gurdas Maan, to whom she is married.

मनोज पुंज

मनोज पुंज को नाटक, धारावाहिक तथा म्यूजिक वीडियो जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में निर्देशन का सात साल का अनुभव है। पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से आर्ट्स में ग्रेजुएट पुंज ने फिल्म और टेलीविजन संस्थान, पुणे में चेकोस्लोवाकिया और फ्रांस दूतावासों द्वारा आयोजित फिल्म मूल्यांकन कार्यशालाओं में भाग लिया। उनके कई प्रोजेक्टों में गुरदास मान का अलबम, **'चकलो-चकलो'**, पहली पंजाबी वीडियो फिल्म **'मेहर मित्तल नाइट'** तथा चंडीगढ़ के कई नाटक शामिल हैं। सूरज सनीम लिखित **'शहीदे मोहब्बत बूटा सिंह'** उनकी पहली फिल्म है।

Manoj Punj

MANOJ PUNJ has over seven years experience in the industry, ranging from directing plays, serials to music videos. A graduate in arts from Punjab University, Chandigarh, he has attended workshops on film appreciation conducted by the Film and Television Institute of Pune, the embassies of Czechoslovakia and France, among others. Among the variety of projects he has helmed are: Gurdas Maan's album, **Chaklo Chaklo**, the first Punjabi video film, **Meher Mittal Night**, a number of plays in Chandigarh and his first film, written by Suraj Sanim, **Shaheed-e-Mohabbat Boota Singh.**

सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र पुरस्कार

हाउसफुल

निर्माता : **मैसर्स बाइस्कोप फिल्म फ्रेमर्स** को रजत कमल एवं 20 हजार रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **आर. पार्थेपन** को रजत कमल एवं 20 हजार रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ तमिल फिल्म का पुरस्कार '**हाउसफुल**' को दिया जाता है। फिल्म में एक थिएटर मैनेजर और उसकी अपने दर्शकों के साथ आत्मीय संबंधों की कहानी है। थिएटर में शो के समय एक बम होने का पता चलता है लेकिन ठीक समय पर उसे हटाकर थिएटर में सिनेमा देख रहे दर्शकों की जान बचा ली जाती है। फिल्म आतंकवाद के खिलाफ सशक्त रूप से अपील करती है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN TAMIL

HOUSE FULL

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the producer Messers Bioscope Film Framers.
Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the director **R. PARTHEPAN.**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Tamil for 1998 is given to **HOUSE FULL** telling the story of a theatre manager and his passionate bonding with his audience. A bomb is discovered in the theatre during show time but removed in the nick of time saving the lives of those in the audience. In denouncing violence, the film makes a strong statement against terrorism.

आर. पार्थेपन

41 वर्षीय आर. पार्थेपन ने 20 फिल्मों में अभिनय किया है तथा 10 फिल्में निर्देशित की हैं। चेन्नई निवासी इस एक्टर ने 1989 में अपनी पहली फिल्म **'पूथिया पाथिया'** के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार और तमिलनाडु राज्य का पुरस्कार प्राप्त किए हैं। 1998 में **'भारती कन्नम्मा'** के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का एवार्ड **'सिनेमा एक्सप्रेस'** और तमिलनाडु राज्य ने उन्हें दिया।

R. Parthepan

FORTY-ONE-YEAR-OLD R. Parthepan has acted in 20 films and directed 10. The Chennai-based actor has won a National Award and the Tamil Nadu Government State Award for his first film, **"Puthia Paathai"** in 1989, the Cinema Express Award for Best Actor in 1998 and the Tamil Nadu Government State Award for Best Actor in 1998 for the film, **"Bharathi Kannamma"**.

सर्वोत्तम तेलुगु कथाचित्र पुरस्कार

थोली प्रेमा

निर्माता : **जी.वी.जी. राजू** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **ए. करुणाकरन** को रजत कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ तेलुगू फीचर फिल्म का पुरस्कार '**थोली प्रेमा**' को दो दोस्तों की असामान्य प्रेम कहानी के चित्रण के लिए दिया जाता है। फिल्म के आखिर में वे दोनों एक दूसरे के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार करते हैं। फिल्म की विषयवस्तु आम फिल्मों से हटकर है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN TELUGU

THOLI PREMA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the producer **G.V.G. RAJU**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the director **A. KARUNAKARAN**

Citation

The Award for Best Feature Film in Telugu for 1998 is given to **THOLI PREMA**, an unusual love story about two friends who confess their feelings for each other at the end of the film, which is a break from the run-of-the-mill film.

जी.वी.जी. राजू

37 वर्षीय वाणिज्य स्नातक जी.वी.जी. राजू तीन फिल्में पहले ही बना चुके हैं। 1999 का आंध्र प्रदेश राज्य गोल्डेन नंदी अवार्ड भी अपनी फिल्म '**थोली प्रेमा**' के लिए जीत चुके हैं।

G.V.G. Raju

G.V.G. RAJU is a 37-year-old commerce graduate who has produced three films earlier. He has already won the Andhra Pradesh State Golden Nandi Award for Best Picture in 1999 for **"Tholi Prema"**.

ए. करूणाकरन

'**थोली प्रेमा**' का निर्देशन तथा उसकी स्क्रीन प्ले लिखने वाले 33 वर्षीय ए. करूणाकरन ने वास्तव में मैकेनिकल इंजिनियरिंग में डिप्लोमा किया है। उसकी पहली फिल्म को आंध्र प्रदेश राज्य की ओर से सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्देशक सर्वश्रेष्ठ स्क्रीन प्ले और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का नंदी पुरस्कार मिल चुका है।

A. Karunakaran

THE screenplay writer and director of **"Tholi Prema"**, the 33-year-old A. Karunakaran is actually a diploma in mechanical engineering. His first film has already won the Andhra Pradesh State Nandi Awards for Best Film Director, Best Screenplay and Best New Director.

विशेष उल्लेख

1. कान्टे कुतुरने कानु फिल्म के लिए निर्माता निर्देशक **डॉ. दासरि नारायण राव।**
2. फिल्म अंत: पुरम में शानदार अभिनय के लिए अभिनेता **प्रकाश राज** को।
3. कन्नेजुथी पोट्टम थोदु में अच्छे अभिनय के लिए अभिनेत्री **मंजू वारियर** को।

प्रशस्ति

फीचर फिल्मों की जूरी वर्ष 1998 के लिए तेलुगू फिल्म **'कान्टे कुतुरने कानू'** का लिंग भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने के लिए विशेष उल्लेख करती है। जूरी तेलुगू फिल्म **'अंत: पुरम'** में अब भी महम युग मानसिकता में रह रहे एक सनकी सामंत की भूमिका में शानदार अभिनय के लिए प्रकाश राज का विशेष उल्लेख करती है।

SPECIAL MENTION

1. Dr Dasari Narayana Rao, director, producer for the film, **KANTE KUTURNE KANU**
2. Prakash Raj, actor, for his performance in the film, **ANTHAHPURAM**
3. Manju Warrier, actress, for **KANNEZUTHI POTTUM THOTTU**

Citation

The feature film jury makes a special mention for 1998 for the Telugu film, **KANTE KUTURNE KANU**, for taking a stand on gender discrimination of Prakash Raj in the Telugu film **ANTHAHPURAM** for his wholesome performance as an obsessive feudal lord still living in medieval times of **MANJU WARRIER** in the Malayalam film, **KANNEZUTHI POTTUM THOTTU**, for her subdued and consistent performance in several films.

प्रकाश राज

34 वर्षीय प्रकाश राज मूलत: कर्नाटक के रहने वाले हैं। वे चेन्नई में बतौर अभिनेता, लेखक तथा निर्देशक के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने बहुत बड़ी संख्या में नाटकों में काम किया। प्रकाश इन दिनों दक्षिण भारत की चारों भाषाओं में बन रही फिल्मों में काम कर रहे हैं। उन्हें तमिलनाडु तथा आंध्र प्रदेश सरकारों द्वारा कलाई मिन्नी तथा नंदी जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। ये सम्मान प्रकाश को फिल्म '**कल्की**' तथा '**इरुवर**' में यादगार काम के लिए दिए गए। मणिरत्नम की '**इरुवर**' में इनके अभिनय को बहुत सहारा गया। इन्हें इसके लिए केलीफोर्निया के अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में निमंत्रण तथा पिछले वर्ष सर्वोत्तम सहअभिनेता का पुरस्कार भी मिला।

मंजू वारियर

मंजू वारियर मलयामल चित्रपट की जानी मानी अभिनेत्री हैं। '**ई पुड़युम काडन्नु**' इनकी पहली फिल्म थी। केवल दो वर्षों के अल्पकाल में ही इन्होंने कई मलयालम फिल्मों में अभिनय किया है एवं दर्शकों के हृदय में अपना स्थान बना लिया है। इन्हें अब तक अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं जिनमें से तीन केरल राज्य सरकार के पुरस्कार एवं केरल फिल्म क्रिटिक पुरस्कार शामिल हैं।

Prakash Raj

THIRTY-FOUR-YEAR-OLD Prakash Raj is a native of Karnataka but has been working as an actor/writer/director in Chennai. He has performed in more than 2,500 shows of Indian plays and Western adaptation. He is now active in all the four southern languages, having won the prestigious **"Kalaimamani"** award from the Tamil Nadu Government for his performance in **"Kalki"** and the Nandhi award from the Andhra Government for **"Gunshot"** and **"Andhapuram"**. His performance in Mani Ratnam's **"Iruvar"** won him many plaudits, as also an invitation to attend an international festival at UCLA, California. He also won the Best Supporting Actor at the 45th National Film Awards in 1997 for the "Iruvar" role.

Manju Warrier

MANJU WARRIER is a well known actress of Malayalam cinema. **Eepuzhyum Kadannu** was her first film. She has won the hearts of cinegoers in the short span of only two years. She has won several prizes including three Kerala State Awards and Kerala Film critics' Award.

दसारी नारायण राव

पचास वर्षीय दसारी नारायण राव ने बचपन में ही तेलुगु नाटकों में अभिनय करना शुरू कर दिया था। उनका फिल्मों में प्रवेश बतौर लेखक के 1972 में हुआ। अपनी पहली फिल्म थत्ता - मानवडू को लिख तथा निर्देशित करके राव ने अपनी प्रतिभा का लोहा मानवा लिया। यह सन् 1973 की बात है। तब से वे तेलुगू, हिन्दी तथा कन्नड़ भाषाओं में 140 फिल्मों को निर्देशित कर चुके हैं। वे फिल्मों में संवाद तथा गीत लिखने का काम अब भी करते हैं। राव न साथ ही साथ खासे लोकप्रिय अभिनेता के रूप में भी अपनी पहचान बना ली है। उन्होंने 26 फिल्मों का निर्माण भी किया। उन्हें उनकी इन तमाम उपलब्धियों के बल पर नंदी पुरस्कार तथा आंध्र विश्व विद्यालय ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा। यह सम्मान उन्हें तेलुगू सिनेमा तथा संस्कृति के प्रसार के लिए किये गये उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। राव को सन् 1991 में आंध्र सरकार ने रघुपति वैंकेया पुरस्कार दिया। वे आठ सालों तक दक्षिण भारत फिल्म निर्देशक संघ तथा दक्षिण भारत फिल्म कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष भी रहे।

Dasari Narayana Rao

FIFTY-YEAR-OLD Dasari Narayana Rao started off as an actor in Telugu plays at an early age but joined films as a writer in 1972. After he wrote and directed his first Telugu film, **"Thatha-Manavadu"** in 1973, there was no looking back. Since that time, he has directed 140 films in four languages; Telugu, Tamil, Hindi and Kannada. Though he continued dialogue and song-writing, he emerged as a popular actor and also found time to produce 26 feature films. He has received several awards for all his achievements, ranging from the Nandi awards to an honorary doctorate from Andhra University for his contribution to Telugu culture and cinema. He received the prestigious Raghupathi Venkaiah Award from the Andhra government in 1991 and has also been president of the South Indian Film Directors Association for eight years as well as of the Film Employees Federation of South India.

ग़ैर-कथाचित्र पुरस्कार
Awards for Non-Feature Films

सर्वश्रेष्ठ गैर कथाचित्र पुरस्कार

इन द फारेस्ट हैंग्स ए ब्रिज (अंग्रेजी)।

निर्माता : **संजय काक,** को स्वर्ण कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार
आक्टेव कम्युनिकेशन प्रा लि.

निर्देशक : **संजय काक** को स्वर्ण कमल एवं 20,000 रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ गैर फीचर फिल्म का पुरस्कार फिल्म, **'इन द फारेस्ट हैंग्स ए ब्रिज'** को सामूहिक भावना की विजय के शानदार सिनेमाई प्रस्तुतीकरण के लिए दिया जाता है।

AWARD FOR THE BEST NON-FEATURE FILM

IN THE FOREST HANGS A BRIDGE (ENGLISH)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the producer **SANJAY KAK**, Octave Communications Pvt Ltd

Swarna Kamal and a cash prize of Rs 20,000 to the director **SANJAY KAK**

Citation

The Award for the Best Non-Feature Film of 1998 is given to the film, **IN THE FOREST HANGS A BRIDGE,** for its excellent cinematic documentation of the triumph of the collective spirit.

संजय काक

पुणे में जन्में 41 वर्षीय स्वतन्त्र वृत्तचित्र निर्माता **संजय काक** इस व्यवसाय में सेंट स्टीफेंस कालेज और दिल्ली स्कूल ऑफ इकानमिक्स से आए। उन्हें 1985 में फिल्म '**गीली मिट्टी**' के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार-रजत कमल मिला। वे दिल्ली की '**ऑक्टेव कम्युनिकेशन**' के संस्थापक सदस्य हैं। उनका वीडियो सहित हाल का काम इस प्रकार है-1997 में '**वन वीपन**' जिसमें भारत की आजादी के 50वें वर्ष के उपलक्ष में लोकतंत्र के बारे में 2 कहानियां हैं तथा 1995 में '**हारवेस्ट आफ रेन**' पर्यावरणविद् अनिल अग्रवाल के साथ नई दिल्ली के विज्ञान व पर्यावरण केन्द्र में बनायी। ब्रिटेन में प्रवासियों पर भी उनकी फिल्में हैं-'**द लैंड**', '**माई लैंड**', '**इंग-लैंड**' जो 1993 में बनी। 1993 में ही '**साउथ अफ्रीका, एक हाउस एंड ए होम**' भी बनायी। ये फिल्में पेरिस, फ्रीबर्ग, हवाई के डाक्यूमेंट्री समारोहों में दिखाई गयी तथा भारतीय पैनोरामा के हिस्से के रूप में कलकत्ता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 1995 में भी प्रदर्शित की गई। उन्होंने 1990 में '**कंबोडिया-एंगकर रेमेम्बर्ड**' का निर्माण और निर्देशन किया। टेलीविजन के लिए भी काक ने ढेर सारा काम किया है। जिसमें शामिल हैं-'**ट्रेवेलाग**' (सात भाग), '**प्रदक्षिणा : जर्नी डाउन द गंगा**' (1985-86) जो बाद में चित्रमय पुस्तक का आधार बनी जिसे मुकुल केशवन ने लिखा और संजीव सेठ के चित्रों से सजाया गया। 1995 में काक ने '**ए मैटर आफ च्वायस**' नामक उपभोक्ता हित का टी.वी. का साप्ताहिक कार्यक्रम संपादित किया। 1985-87 के दौरान उन्होंने दूरदर्शन के लिए हिन्दी समाचार वृत्तचित्र बनाए जिसमें '**पंजाब : दूसरा अयोध्या**' और '**किसकी गंगा**' शामिल है।



Sanjay Kak

THE Pune-born, 41-year-old Sanjay Kak is an independent documentary film-maker who came to the profession via St Stephen's College and the Delhi School of Economics. Winner of the Silver Lotus at the National Film Awards for his 1985 film, **"Geeli Mitti"**, he is the founding member of the Delhi-based production, **"Octave Communications"**. His recent work includes the videos, **"One Weapon"** in 1997, which is two stories about democracy in the 50th year of Indian Independence, and **"Harvest of Rain"** in 1995 which is made in association with the environmentalist Anil Agrawal at the Centre for Science and Environment, New Delhi. His films on migrants in the UK, **"The Land", "My Land", "England"** made in 1993, and **"South Africa", "A House and a Home"**, also made in 1993, have been widely screened at documentary festivals in Paris, Fribourg, Hawaii, Dhaka and as part of the Indian Panorama at the International Film Festival in Calcutta in 1995. He has also produced and directed Cambodia: **"Angkor Remembered"** in 1990. His work for television includes the seven-part **"travelogue"**, **"Pradakshina"**: **"Journey Down the Ganga"** in 1985-86, which became the basis of a best-selling large format picture book, with text by Mukul Kesavan and pictures by Sanjeev Saith. In 1995, Kak was series editor on a weekly TV series on issues of consumer interest, **"A Matter of Choice"**. Between 1985 and 1987, he directed a series of Hindi news documentaries for DD, including Punjab: **"Doosra Adhyaya"** and **"Kiski Ganga?"**.

निर्देशक का सर्वोत्तम प्रथम ग़ैर-कथाचित्र

रिपेन्टेन्स (मलयालम)

निर्माता : **डॉ. मोहन अगाशे,** निदेशक, भारतीय फ़िल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **राजीव राज** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति
निर्देशक की पहली गैर - कथाचित्र का पुरस्कार "**रिपेन्टेन्स**" को सिनेमाई अभिव्यक्ति के नवीन रूपों को उद्घाटित करने के लिए दिया जाता है।

AWARD FOR THE BEST FIRST NON-FEATURE FILM OF A DIRECTOR

REPENTANCE (MALAYALAM)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the producer, **DR MOHAN AGASHE**, director, Film and Television Institute of India, Pune

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the director, **RAJEEV RAJ**

Citation
The Award for the First Non-Feature Film of a Director is given to **REPENTANCE** for exploring new forms of cinematic expression.

मोहन अगाशे

मोहन अगाशे प्रवृत्ति से एक अभिनेता तथा पेशे से एक मनोचिकित्सक हैं। स्टेज तथा फिल्म के एक शानदार अभिनेता के रूप में विख्यात अगाशे की थिएटर अकादमी के विदेशी दौरों के एक सफल आयोजक के रूप में भी काफी प्रतिष्ठा है। **थिएटर अकादमी - ग्रिप्स परियोजना** के निर्देशन के बतौर उन्होंने बर्लिन के एक थिएटर ग्रुप ग्रिप्स के साथ मिलकर बच्चों तथा युवाओं के लिए सार्थक नाटकों का विचार भी प्रस्तुत एवं विकसित किया। अगाशे ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के थिएटर सलाहकार के रूप में भी काम किया है। वर्ष 1985 में उन्हें होमी भाभा फेलोशिप, 1990 में पदमश्री तथा 1996 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ। वह पुणे की थिएटर अकादमी के मानद अध्यक्ष तथा बी.जे मेडीकल, पुणे के मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर तथा अध्यक्ष भी रहे हैं।

Mohan Agashe

MOHAN AGASHE is a psychiatrist by training and an actor by instinct. Acknowledged as one of the finest actors of stage and screen, Agashe has also earned his spurs as organiser of the Theatre Academy's overseas tours. As project director of the Theatre Academy-GRIPS Project, he introduced and developed the concept of meaningful plays for children and young people in collaboration with GRIPS, a theatre group from Berlin. Agashe has also worked as a the theatre consultant for the Indian Council for Cultural Relations. He is a recipient of the Homi Bhabha Fellowship in 1985, Padmashree in 1990 and Sangeet Natak Academy Award in 1996. He has also been honorary president of the Theatre Academy in Pune, as well as professor and head of the Department of Psychiatry, B.J. Medical College, Pune.

राजीव राज

राजीव राज का जन्म 1971 में हुआ और उन्होंने तिरूवनंतपुरम के यूनिवर्सिटी कालेज से दर्शनशास्त्र में स्नातक किया। उन्होंने मलयालम की एक लघु फिल्म **'अनटाइटिल्ड'** (1993) का निर्देशन तथा पटकथा सह-लेखन किया। इस फिल्म को 1994 के तीसरे मुंबई अंतर्राष्ट्रीय लघु फिल्म समारोह के स्पेक्ट्रम इंडिया सेक्शन में दिखाया गया। राजीव राज ने जनवरी 1995 में निर्देशन के छात्र के रूप में भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान ज्वाइन किया। **'रिपेन्टेन्स'** उनकी डिप्लोमा फिल्म है।

Rajiv Raj

RAJIV RAJ was in 1971 and did his his B.A. in philosophy from University College. Thiruvananthapuram. He directed and co-scripted a short film in Malayalam called **"Untitled"** (1993). The film was shown in the Spectrum India section of the Third Mumbai International Short Film Festival, 1994. Rajiv Raj joined the Film and Television Institute of India in January 1995 as a student of direction. **"Repentance"** is his diploma film.

सर्वोत्तम मानव शास्त्रीय/जनजातीय फिल्म

खेरवाल परब (संथाली)

निर्माता : **शंकर रक्षित** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **शंकर रक्षित** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 का सर्वश्रेष्ठ मानव शास्त्रीय/जनजातीय फिल्म का पुरस्कार "**खेरवाल परब**" को दिया जाता है। फिल्म में संथाली रस्मों-रिवाजों को बड़ी प्रमाणिकता से प्रस्तुत किया गया है।

AWARD FOR THE BEST ANTHROPOLOGICAL/ETHNOGRAOHIC FILM

KHERWAL PARAB (SANTHALI)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the producer **SANKAR RAKSHIT**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the director **SANKAR RAKSHIT**

Citation

The Award for the Best Anthropological/Ethnographic Film of 1998 is given to **KHERWAL PARAB** for offering an insider's view of Santhal rites and rituals with great authenticity.

शंकर रक्षित

शंकर रक्षित के पिता नाटकों में खासी दिलचस्पी लेते थे, इसलिए उनका नाटकों में शुरू से ही खासा रूझान था। रक्षित ने सन 1963 में सहायक निर्देशक के रूप में अपने पेशेवर जीवन की शुरूआत की। उसके बाद उन्होंने सन 1974 में दूरदर्शन के कलकत्ता केंद्र में नौकरी शुरू कर दी। रक्षित ने दूरदर्शन के लिए **ग्राम बंगालार खाला, कुमारतुल्ली कथा** तथा **सिल्क शरीर आत्मकथा** नाम से कई वृत्तचित्र बनाये। उनकी आदिवासी संस्कृति में गहरी दिलचस्पी है। संभवत: इसी वजह से उनकी ताजा फिल्म **खेरवाल परब** की पृष्ठभूमि आदिवासी समाज पर ही है।

Sankar Rakshit

WITH a father who was a drama enthusiast, Sankar Rakshit started his career as an assistant director in 1965 and then joined Doordarshan Kendra, Calcutta, as a stringer in 1974. He has directed several documentaries for Doordarshan, among them **"Grama Bangalar Khala"**, **"Kumartullyr Katha"** and **"Silk Sareer Atmakatha"**. He has always been interested in Adivasi culture, which led him to the subject of his current film, **"Kherwal Parab"**.

सर्वश्रेष्ठ जीवनी संबंधी फिल्म पुरस्कार

प्रेम जी - इतिहासातिंते स्पर्सम (मलयालम) एवं **उनारविन्ते कमल - एम.आर.बी. (मलयालम)**
निर्माता : **सचिव केरल संगीत नाटक अकादमी, त्रिशूर** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **एम.आर. राजन** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति
वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ जीवनी संबंधी पुरस्कार दो फ़िल्मों, "**प्रेमजी - इतिहासातिंते स्पर्सम**" एवं "**उनारविन्ते कलम**" को दो ऐतिहासिक समाज सुधारकों प्रेमजी एवं एम.आर.बी. के प्रेरणादायी जीवन को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करने के लिए दिए जाता है।

BEST BIOGRAPHICAL FILM

PREMJI _ ITHIHASATHINTE SPARSAM (MALAYALAM)and UNARVINTE KALAM _ M.R.B. (MALAYALAM)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the producer, secretary of the Kerala Sangeetha Nataka Akademi, Trichur

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the director, **M.R. RAJAN**

Citation
The Award for the Best Biographical Film of 1998 is given to the films **PREMJI _ ITHIHASATHINTE SPARSAM** and **UNARVINTE KALAM** for an insightful voyage into the exemplary lives of Premji and M.R.B., two legendary social reformers.

एम.आर. राजन

एम.आर. राजन का जन्म त्रिशूर मे हुआ। उन्होंने दर्शन में स्नातक की डिग्री हासिल करने के पश्चात पुणे के भारतीय फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान में दाखिला लिया। वहाँ से राजन ने निर्देशन की डिग्री हासिल की। राजन द्वारा 1989 में बनाई डिप्लोमा फिल्म ''**दूरम**'' को फिल्म समीक्षकों ने भी खासा सराहा और उसे सन 1990 के अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह के भारतीय पैनोरमा वर्ग के लिए चुन भी लिया गया था। उनकी अगली फिल्म ''**छाया**'' तथा ''**प्रकाशनट्टम : अमानूर**'' को भी राष्ट्रीय पुरस्कार दिये गये। राजन ने कला और संस्कृति से जुड़े सवालों पर कई टी वी कार्यक्रम भी बनाये। उनके द्वारा सन् 1993 में बनाये गये ''**चैंकालील उरू संकीर्तनम**'' कार्यक्रम को केरल राज्य पुरस्कार भी मिला। राजन इन दिनों रंगमंच की दुनिया की दिग्गज हस्तियों पर फिल्मों की एक पूरी शृंखला ही बना रहे हैं। उन्होंने इस बाबत सन 1997 में टी.आर. गोपालन पर नाटकपथ तथा सन 1998 में एम. आर. भट्टाथिरीपद पर ''**उनारविन्ते कालम - एम.आर.बी.**'' नाम से फिल्में बना भी ली हैं।

M.R. Rajan

BORN in Thrissoor, M.R. Rajan graduated in philosophy and then joined the Film and Television Institute of India, Pune, from where he graduated in direction. His diploma film, **"Dooram"**, in 1989, received much critical acclaim and was selected to be part of the India Panorama at the International Film Festival of 1990. His next films, **"Chhaya"** and Prakash **"Nattam Amannur"** won the National Awards. Rajan has also made several TV programmes on art and culture, one of which, **"Chenkallil Oru Sankeerthanama"** in 1993, won the Kerala State Award. He is currently working on a series of films on eminent theatre personalities: **"Natakapatha"** on actor T.R. Gopalan in 1997 and **"Unarvinte Kalam"** - MRB in 1998 on M.R. Bhattathirippad have already been completed.

सर्वश्रेष्ठ कला/सांस्कृतिक फिल्म पुरस्कार

ए. पेंटर ऑफ एलोक्वेन्ट साइलेंस, गणेश पायने (अंग्रेजी)

निर्माता : **बुद्धदेव दासगुप्ता** को रजत कमल एवं 5,000 रुपए नकद पुरस्कार
निर्माता : **फिल्म्स डिवीज़न, मुम्बई** को रजत कमल एवं 5,000 रुपए का नकद पुरस्कार
निर्देशक : **बुद्धदेव दास गुप्ता** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ कला/सांस्कृतिक फिल्म का पुरस्कार अंग्रेजी फिल्म '**ए पेंटर ऑफ एलोक्वेन्ट साइलेन्स गणेश पायने**' को दिया जाता है। यह फिल्म एक कलाकार द्वारा दूसरे कलाकार दो दी गई मार्मिक श्रद्धांजलि तथा एक चित्रकार की गोपनीय अभिव्यक्ति की सराहना है।

AWARD FOR THE BEST ARTS/CULTURAL FILM

A PAINTER OF ELOQUENT SILENCE; GANESH PYNE (ENGLISH)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 5,000 to the producer, **BUDDHADEB DASGUPTA**
Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 5,000 to the Producer, Films Division Mumbai.

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the director, **BUDDHADEB DASGUPTA**

Citation

The Award for the best Arts/Cultural Film of 1998 is given to "A Painter of Eloquent Silence: **GANESH PYNE** for a moving tribute from one artiste to another and an appreciation of the painter's hidden expression.

बुद्धदेव दास गुप्ता

बुद्धदेव दास गुप्ता एक मशहूर बंगला फिल्मकार हैं। सत्यजीत राय एवं ऋत्विक घटक जैसे विलक्षण फिल्मकारों की परंपरा के हिस्से हैं। दास गुप्ता की फिल्मों में उनकी जीवंत व्यक्तिवादिता झलकती है। जिसमें उनकी आश्चर्यजनक मौलिकता सम्मिलित होती है। उनकी फिल्मों ने भारत तथा विदेशों में अनगिनत पुरस्कार बटोरे हैं। उनकी तीन फिल्मों को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुका है तथा ज्यादातर फिल्मों को विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में सम्मान के साथ दिखाया जा चुका है।

Buddhadeb Dasgupta

BUDDHADEB DASGUPTA is a well-known Bangla filmmaker and what gives special interest to this particular filmmaker is not just that he is part of a long and distinguished tradition of Satyajit Ray and Ritwik Ghatak but that he has consciously avoided incurring any debt to the founding luminaries of Indian art cinema. Dasgupta's films reflect his vibrant individualism, many reflecting an amazing originality. His work has won numerous awards in India and abroad - three of them have won the National Award for Best Film of the Year, and most have been shown to great acclaim at several international film festivals.

सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण संरक्षण/संग्रहण फिल्म (जागरुकता समेत)

विलिंग टू सैक्रीफाइस

निर्माता : **दयाकर राव** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक : **बी.बी.पी. राव** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण संरक्षण/संग्रहण फिल्म का पुरस्कार फिल्म **'विलिंग टू सेक्रीफाइस'** को दिया जाता है। यह फिल्म ऐसे लोगों की पवित्र भावनाओं का ईमानदार चित्रण है जिनके लिए पर्यावरण संग्रहण जिन्दगी जीने के एक तरीका है।

AWARD FOR THE BEST ENVIRONMENT/ CONSERVATION/PRESERVATION FILM (INCLUDING AWARENESS)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the producer, **DAYAKAR RAO**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the director, **B.V.P. RAO**

Citation

The Award for the Best Environment/Conservation/Preservation Film of 1998 is given to the film, **WILLING TO SACRIFICE**, for an honest portrayal of the sacred convictions of a people for whom conservation is a way of life.

बी.वी.पी. राव

बी.वी.पी. राव का जन्म आंध्र प्रदेश के वारंगल जिले में 1956 में हुआ तथा अपने गांव से स्कूल की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वह वाणिज्य में स्नातक करने के लिए शहर चले गये। उस्मानिया विश्वविद्यालय से उन्होंने विधि की पढ़ाई की तथा इंटरनेशनल लॉ में शोध करने के लिए उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ज्वाइन किया। 1982 में उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा ज्वाइन किया। भारतीय प्रशासनिक अफसर के रूप में उन्होंने असम में कई महत्वपूर्ण काम अंजाम किए। असम में ही जब वे फिल्म महोत्सव आयोजित कर रहे थे तो फिल्मकार जाहनू बरूआ से उनकी मुलाकात हुई। इस साहचर्य से उनके भीतर अभिव्यक्ति की एक वैकल्पिक विधा, सिनेमा के प्रति अभिरूचि पैदा हुई। अपने मित्र से इस शिल्प के बारे में कुछ आवश्यक बातें सीखकर उन्होंने नई दिल्ली के फिल्म निर्माण का एक लघु कालीन प्रशिक्षण लिया। '**विलिंग टू सेक्रीफाइस**' उनकी पहली फिल्म है।

B.V.P. Rao

FORTY-THREE-YEAR-OLD B.V.P. Rao was born in Warangal district, Andhra Pradesh. After school in his village, he moved to Warangal town to graduate in commerce. He went on to Osmania University to do law and then joined the Jawaharlal University in New Delhi to do research in international law. He then joined the Indian Administrative Service in 1982. As a civil servant he held sevceral important assignments in Assam. It was while he was organising film festivals in Assam that he met filmmaker Jahnu Barua. This association led him to discover an alternative medium of expression, cinema. Having learnt some of the basics of this craft from his friend, he then did a short term course in flimmaking at the New York Film Academy. **"Willing To Sacrifice"** is his first film.

दयाकर राव

दयाकर राव का जन्म आंध्र प्रदेश के किसानों के एक परिवार में हुआ तथा वह अपने कालेज के दिनों से ही काफी उद्यमशील रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से वह गहरे समुद्र में मछली पकड़ने तथा विशाखापटनम में इससे जुड़े व्यापार में संलग्न रहे हैं। यामिनी फिल्म्स उनकी कंपनी है और '**विलिंग टू सेक्रीफाइस**' उनकी पहली फिल्म है।

Dayakar Rao

BORN into a family of farmers in Andhra Pradesh, Dayakar Rao has been an entrepreneur from his college days. For the past 10 years, in fact, he has been involved in deep-sea fishing and marine exports in Vishakapatnam. Yamini Films is his company and **"Willing to Sacrifice"** is his first film.

सर्वश्रेष्ठ ऐतिहासिक/पुनर्निमाण/संकलन फिल्म

अन्ना वाजीगिरार (तमिल)

निर्माता **तमिलनाडु फिल्म्स डिविजन** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।
निर्देशक **तमिलनायु फिल्म्स डिविजन** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सर्वश्रेष्ठ ऐतिहासिक/पुर्ननिर्माण संकलन फिल्म का पुरस्कार तमिल फिल्म '**अन्ना लिव्स**' को दिया जाता है। फिल्म में अन्ना हरई के सशक्त चित्रण के लिए विभिन्न सिनेमाई रूपों को एकीकृत किया गया है।

AWARD FOR THE BEST HISTORICAL/RE-CONSTRUCTION/COMPILATION FILM

ANNA VAAZHIGIRAR (TAMIL)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the producer, **Director, Tamil Nadu Films Division**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs 10,000 to the director, **Director, Tamil Nadu Films Division**

Citation

The Award for Best Historical Reconstruction Film of 1998 is given to the film, **ANNA LIVES**, for integrating various cinematic forms to present a strong portrait of **ANNADURAI**.

A still from the film Anna Vazhigrar

सामाजिक मुद्दों पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म (जैसे मद्य निषेध, महिला व शिशु कल्याण, दहेज विरोध, नशा सेवन, विकलांग कल्याण आदि)

मल्ली (तमिल)

निर्माता : **पी. अमृतम** निर्देशक, **फिल्म एवं टेलिविजन ऑफ तमिलनाडु** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

निर्देशक : **आर. माधव कृष्णन** को रजत कमल एवं 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार।

प्रशस्ति

वर्ष 1998 की सामाजिक मुद्दों पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार तमिल फिल्म '**मल्ली**' को सेक्स वर्कर्स के विषय पर मौलिक प्रस्तुति के लिए दिया जाता है।

